दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 21 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 478



## संक्षिप्त खबरें ।

### अमेरिका ने ईरान के खिलाफ उठाया कड़ा कदम, भारत स्थित ईरानी पेट्रोलियम के अटलांटिक नौवहन पर लगाया बैन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए उसके भारत स्थित अटलांटिक नेविगेशन ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड पर बैन लगा दिया है। अमेरिका ने ईरानी पेट्रोलियम एवं पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार के आरोप में बृहस्पतिवार को यह प्रतिबंध लगाया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका ने बृहस्पतिवार को ईरानी पेट्रोलियम एवं पेट्रोकेमिकल्स के कारोबार में शामिल चार संस्थाओं और तीन जहाजों पर प्रतिबंध लगा दिए, जिनसे ईरानी शासन के लिए अरबों डॉलर का राजस्व मिलता है।

अमेरिका के आतंकवाद और वित्तीय खुफिया मामलों के कार्यवाहक उप मंत्री ब्रैडली टी.स्मिथ ने कहा, ''ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के विकास, अपने हथियार प्रणालियों के प्रसार और अपने सहयोगियों को समर्थन देने के लिए जहाजों, कंपनियों और सुविधा प्रदान करने वाली संस्थाओं के संदिग्ध नेटवर्क पर निर्भर है।'' इसी के साथ विदेश मंत्रालय ने भी ईरानी पेट्रोलियम व्यापार में शामिल चार संस्थाओं पर प्रतिबंध भी लगाए और छह जहाजों को प्रतिबंधित संपत्ति के रूप में सूचीबद्ध किया है।

**आतंकी गतिविधियों से जुड़ा है ईरान का कारोबारः** अमेरिका ने आरोप लगाया है कि ईरान का तेल कारोबार संदिग्ध आतंकी गतिविधियों सेस जुड़ा हुआ है। अमेरिकी मंत्रालय ने कहा कि ईरान का तेल निर्यात कई अधिकार क्षेत्रों में अवैध नौवहन की सुविधा प्रदान करने वाले एक नेटवर्क से संचालित होता है, जो भ्रम और धोखे से एशिया में खरीदारों को बेचने के लिए ईरानी तेल लेते और उसका परिवहन करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अटलांटिक नेविगेशन ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड भारत स्थित एक कंपनी है जो वीगोर जहाज के आईएसएम प्रबंधक के रूप में ईरानी पेट्रोलियम के परिवहन में शामिल है।

## धक्का-मुक्की कांड में राहुल के साथ चट्टान बनकर खड़े हैं पप्पू यादव, इसके पीछे की पॉलिटिक्स समझें

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** संसद में गुरुवार (19 दिसंबर) को हुए धक्का–मुक्की कांड को लेकर राजनीतिक पारा काफी चढ़ा हुआ है. इस घटना पर बीजेपी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करवाई है. राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109 (हत्या का प्रयास), धारा 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), धारा 121 (सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य से विचलित करने के लिए चोट पहुंचाना), धारा 351 (आपराधिक धमकी) और धारा 125 (दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. जांच के लिए यह मामला दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया जा सकता है. वहीं विपक्षी सांसद इस मामले में राहुल गांधी के साथ खड़े हुए हैं. विपक्षी सांसद आज (शुक्रवार, 20 दिसंबर) विजय चौक से संसद तक मार्च कर रहे हैं. बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी इस घटना पर राहुल गांधी के साथ चट्टान के साथ खड़े हैं।



पप्पू यादव ने इस घटना को पूर्व नियोजित बताया. उन्होंने कहा कि एक दिन पहले ही इस घटना की पूरी स्क्रिप्ट लिख ली गई थी. पप्पू यादव ने कहा कि सदन के भीतर हम थे. ये दो वीडियो सामने क्यों नहीं ला रहे हैं? एक महिला को अपमानित करने वाला और दूसरा धक्का देने वाला. पूर्णिया सांसद ने कहा कि पप्पू यादव ना होता तो ये लोग प्रियंका गांधी को धक्का देते. सीपीएम के एमपी को धक्का दिया. पप्पू यादव ने कहा कि ये लोग लाठी लेकर पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि ये लोग बाबा साहेब के मुद्दे से भटकाना चाहते हैं. राहुल जी पूछ रहे हैं तो निशिकांत दुबे उन्हें गुंडा कहते हैं. ये लोग इबीसी और ओबीसी के खिलाफ हैं. पूर्णिया सांसद ने कहा कि हिंदुस्तान में रहना है तो आंबेडकर–आंबेडकर करना होगा. संविधान ने हमें आर्थिक और राजनीतिक आजादी दी है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि पप्पू यादव की ओर से राहुल गांधी का पक्ष लेने के पीछे बड़ा सियासी कारण है. उनका कहना है कि पप्पू यादव खुद को कांग्रेसी बताते हैं, लिहाजा राहुल गांधी का पक्ष लेना उनकी मजबूरी है. इतना ही नहीं बिहार में राजद और कांग्रेस के रिश्तों में कड़वाहट देखने को मिल रही है. अगर आगे चलकर दोनों दलों के रास्ते अलग हुए तो प्रदेश कांग्रेस में पप्पू यादव को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं।

## राहुल गांधी ने कर दी ऐसी मांग, फूल जाएंगे बीजेपी के हाथ–पांव! अडानी मामले से ध्यान हटाने की साजिश

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** संसद में हाल ही में हुए धक्का–मुक्की कांड को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जबरदस्त कदम उठाया। उन्होंने इस मामले से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की है, जो बीजेपी के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है। गुरुवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी पर सीधा हमला बोला। उनका आरोप था कि संसद में हुई यह घटना, आडाणी मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बीजेपी की सोची–समझी साजिश का हिस्सा है।

जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या आप संसद परिसर में मौजूद सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग करेंगे, तो राहुल गांधी ने बिना झिझक जवाब दिया, ₹बिल्कुल! हम चाहते हैं कि वो तुरंत सीसीटीवी फुटेज जारी करें, ताकि सच्चाई सबके सामने आ सके और हर किसी को असलियत का पता चल सके।₹ इस बयान के बाद बीजेपी के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि राहुल गांधी का सीधा उद्देश्य अब पूरी घटना का सच उजागर करना है।

**अडाणी मामले को छुपाने की कोशिशः** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज एक संयुक्त प्रेस वार्ता में बीजेपी पर कई गंभीर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि संसद में अडानी के मामले पर चर्चा रोकने की पूरी कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने इस मुद्दे पर ध्यान भटकाने के लिए जानबूझकर कदम उठाए। राहुल गांधी ने गृहमंत्री द्वारा आंबेडकर पर दिए गए बयान की भी कड़ी आलोचना की। उनका कहना था कि बीजेपी की सोच आंबेडकर विरोधी है, और पार्टी इस तरह के बयान देकर भारतीय समाज में विभाजन पैदा कर रही है।

राहुल गांधी ने आगे बताया कि जब वह शांति से संसद में जाने का प्रयास कर रहे थे, तो बीजेपी के सांसद सीढ़ियों पर डंडे लेकर खड़े थे और उन्हें संसद में प्रवेश करने से रोक रहे थे। राहुल गांधी ने इस घटना को 'नया डिस्ट्रैक्शन' बताते हुए कहा कि बीजेपी की ये हरकतें उनकी असली मुद्दों से ध्यान हटाने के प्रयास हैं। राहुल गांधी ने गृहमंत्री से इस्तीफा देने और आंबेडकर के अपमान के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## राहुल गांधी पर हुई एफआईआर, कांग्रेस नेताओं में फैला आक्रोश

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में गुरुवार को हुए धक्का–मुक्की पर राजनीति आज भी गरम है. कांग्रेस पार्टी सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है. मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी सांसद जयराम रमेश ने कहा, ₹दिल्ली पुलिस वही करेगी जो गृह मंत्री कहेंगे. मकर द्वार के सामने जो कुछ भी हुआ वह पूरी तरह से प्लांड था. गृह मंत्री ने बीआर आंबेडकर का अपमान किया और हम सभी ने उनसे माफी की मांग की. गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए. यह एफआईआर राहुल के विरुद्ध नहीं, बीआर आंबेडकर के विरुद्ध है. मुद्दे को भटकाने के लिए ये सब किया गया।



राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर पर कांग्रेस पार्टी सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, पूरा राष्ट्र देख रहा है, उन्होंने राहुल पर कई मुद्दे लगाए हैं. वे नयी एफआईआर लाते हैं और असत्य बोलते हैं. यह उनकी हताशा का स्तर दिखाता है. वहीं, कांग्रेस पार्टी सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, ₹ हमारा आंदोलन एकदम साफ है. अमित शाह को त्याग–पत्र दे देना चाहिए. राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए. जब हम यह पूछ रहे हैं कि क्या आप हमारे नेताओं और हमें कारावास में डालना चाहते हैं? यदि ऐसा है तो आपका स्वागत है. वर्षा गायकवाड़ ने भी कम्पलेन दी लेकिन कोई एफआईआर नहीं है. एफआईआर सिर्फ भाजपा की कम्पलेन के लिए है? दिल्ली के विजय चौक पर कांग्रेस पार्टी सांसद प्रियंका गांधी और इण्डिया गठबंधन के सांसद शुक्रवार को भी प्रदर्शन करते नजर आए. ये अमित शाह द्वारा राज्यसभा में डाक्टर बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध यहां एकत्रित हुए. ये उनसे माफी मांगने और इस्तीफे की मांग कर रहे

### क्यों दर्ज करवाई गई राहुल गांधी पर एफआईआर?

गुरुवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस पार्टी और भाजपा सांसदों के बीच धक्का–मुक्की हो गई. इसमें दो भाजपा सांसद घायल हो गए. राहुल के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई. इसमें संसद परिसर में धक्का–मुक्की, शारीरिक धावा और उकसावे में शामिल होने का इल्जाम लगाया है. भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज और हेमांग जोशी संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई।

## अटेम्पट टू मर्डर, आपराधिक कृत्य, बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ इन धाराओं के तहत दर्ज कराया केस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** संसद में हुई धक्का–मुक्की को लेकर अब राजनीति तेज हो गई है। बीजेपी ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने सांसदों को धक्का दिया, जिसके कारण दो बीजेपी सांसद घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसके अलावा, एक महिला सांसद ने भी राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी ने अपनी शिकायत में राहुल गांधी के खिलाफ हत्या का प्रयास तक का आरोप लगाया है।



**बीजेपी की शिकायतः** बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, राहुल गांधी को कानून का कोई डर नहीं है। उनकी धक्का–मुक्की में दो सांसद घायल हुए हैं और उन्हें चोट आई है। हमने हत्या के प्रयास की धाराओं में शिकायत दर्ज कराई है। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के इस व्यवहार से यह स्पष्ट होता है कि वे अपने आपको कानून से ऊपर समझते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद राहुल गांधी बिना सांसदों से मिले वहां से चले गए। कांग्रेस ने भी बीजेपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। ये वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने अपनी ही सरकार में अपने ही सरकार के ऑर्डिनेंस को फाड़ दिया था।

### लोकसभा में बढ़ी राजनीतिक तकरार

संसद में इस घटना के बाद दोनों पार्टियों के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने एक–दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी ने जानबूझकर सांसदों को धक्का दिया, जबकि कांग्रेस इसे बीजेपी का राजनीतिक शोर–शराबा बता रही है।

## 'हर दिन तिरस्कार और दुश्मनी के लिए नए मुद्दे उठाना ठीक नहीं'

**लोक तंत्र की आवाज**

● पुणे में बोले आरएसएस चीफ मोहन भागवत

**पुणे।** पुणे के एक कार्यक्रम में RSS चीफ मोहन भागवत ने इन दिनों चल रहे माहौल को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने सहजीवन व्याखान माला नाम के प्रोग्राम में बात करते हुए कहा कि राम मंदिर बनना चाहिए और वास्तव में ऐसा हुआ भी। यह हिंदुओं की भक्ति का स्थान है, लेकिन हर दिन तिरस्कार और दुश्मनी के लिए नए मुद्दे उठाना ठीक नहीं है। इसका समाधान क्या है? हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि हम सद्भाव से रह सकते हैं, इसलिए हमें अपने देश में थोड़ा प्रयोग करना चाहिए।

**देश में अलग–अलग समुदायों की विचारधाराएंः** आगे कहा कि हमारे देश में अलग–अलग संप्रदायों और समुदायों की विचारधाराएं हैं। राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। लेकिन यह किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

**देश में होना चाहिए संवादः** आरएसएस चीफ ने कहा कि सुसंवाद अपने देश में होना चाहिए। श्रद्धास्थान राम मंदिर होना चाहिए जो की हो रहा है। हिंदू की श्रद्धास्थान हिंदू को लगता है, लेकिन ऐसा हर जगह किया तो हिन्दुओं में नेता तैयार हो सकते है या फिर भूतकाल का द्वेष, संशय, तिरस्कार के चलते रोज एक नया प्रकरण निकलना, ऐसे कैसे चलेगा, ये बिल्कुल नहीं चलेगा।

**देश संविधान से चलता हैः** हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ मिल जुलकर रह सकते हैं और यहां प्रयोग करते समय सभी परंपरा, पंथ, सम्प्रदाय की विचारधारा हमारे यहां है। अभी कुछ बाहर से आएं है, लेकिन उनमें कट्टरपंथी परंपरा है। उनका राज यहां रहने के कारण उन्हें लगता है कि उनका राज फिर से यहां आना चाहिए, लेकिन यह देश संविधान से चलता है, यहां किसी का राज नहीं होता है जनता अपना प्रतिनिधि चुनते है, जो चुनकर आते है वो राज्य चलते है और राज जनता का होता है।



**कांग्रेस व शिवसेना ने दिया रिएक्शन :** मोहन भागवत के बयान पर अब कांग्रेस के साथ–साथ शिवसेना के मंत्रियों ने भी अपनी राय दी है। शिवसेना शिंदे के कोटे से बने मंत्री योगेश कदम ने कहा कि ये क्या हो रहा है? जैसे–जैसे पॉलीटिकल सिचुएशन बदलता है, उद्धव ठाकरे का हिंदुत्व के बारे में स्टैंड बदलता है, यह बात उनके बारे में थी, आज सिचुएशन ऐसी है महानगरपालिका के चुनाव आ रहा है तो उनको हिंदुत्व याद आ रहा है, भागवत जी का संकेत जो था वह उद्धव ठाकरे की तरफ था, ये कोशिश उद्धव कर रहे कि वे हिंदू मुस्लिम करके हिंदू नेता बन जाएं।

वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक भाई जनता ने कहा कि मोहन भागवत के बयान बार–बार बदलते रहते हैं, फिर भी अगर यह आरएसएस के मुखिया यह कह रहे हैं, तो बाकी लोग सिख ले इस बात से। इस संविधान की बुनियाद अनेकता में एकता है, 140 करोड़ आबादी का यह संविधान है।

## शांति की राह पर चले भारत और चीन, डोभाल-वांग यी के बीच बैठक में कई बिंदुओं पर बनी सहमति

**लोक तंत्र की आवाज़**

**बीजिंग।** भारत और चीन के बीच तनावों को कम करने का लगातार प्रयास जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की चीन यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार में और अधिक प्रगति लाने का काम किया है। बुधवार को डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ कई मुद्दों पर अहम वार्ता के एक दिन बाद चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैठक के बाद दोनों देशों द्वारा जारी किए गए बयानों में ''बहुत समानता'' है, जो व्यापक आम सहमति को दर्शाता है।

दोनों देशों के संबंधों को सामान्य बनाने के लिए बुधवार को डोभाल ने वांग यी के साथ महत्वपूर्ण वार्ता की थी।



डोभाल बृहस्पतिवार को भारत के लिए रवाना हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां मीडिया ब्रीफिंग में वार्ता के परिणाम पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधियों – वांग और डोभाल ने ''सकारात्मक और रचनात्मक रुख'' के साथ ''सार्थक वार्ता'' की और चीन–भारत सीमा मुद्दे पर छह सूत्री ''सहमति'' पर पहुंचे। उन्होंने कहा, ''दोनों पक्षों के बयानों का सार और तत्व बहुत हद तक समान हैं।

**सीमा विवाद से लेकर व्यापार बढ़ाने पर चर्चाः** चीनी प्रवक्ता लिन ने कहा कि दोनों देशों के मूल्यवान संसाधनों को विकास की दिशा में लगाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना है कि सीमा से जुड़े प्रश्न को द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाए, तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। डोभाल और वांग यी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने, नदी से संबंधित आंकड़ों को साझा करने और सीमा व्यापार सहित सीमा पार सहयोग के लिए ''सकारात्मक'' दिशा पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक वार्ता की।

## संजय राउत के घर की रेकी करते हुए सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत के घर की रेकी करते हुए दो संदिग्ध देखे गए हैं, जिसके बाद राउत के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल संजय राउत के परिवार ने दावा किया है कि बाइक सवार दो लोगों ने उनके घर की रेकी की है। दोनों संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुए हैं। फुटेज में दिख रहा है कि संदिग्धों ने हेलमेट और मास्क पहना हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही शिवसेना यूबीटी नेता के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है।



**संजय राउत ने राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोपः** संजय राउत ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद मराठी बोलने वाले लोगों पर हमले बढ़े हैं। संजय राउत ने आरोप लगाया कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि उन्हें मुंबई और आसपास के इलाकों से बाहर निकाला जाए। संजय राउत ने ठाणे के कल्याण में गैर मराठी लोगों द्वारा मराठी परिवार पर कथित हमले की घटना के बाद यह बात कही।

महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत के घर की रेकी करते हुए दो संदिग्ध देखे गए हैं, जिसके बाद राउत के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल संजय राउत के परिवार ने दावा किया है कि बाइक सवार दो लोगों ने उनके घर की रेकी की है। दोनों संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुए हैं। फुटेज में दिख रहा है कि संदिग्धों ने हेलमेट और मास्क पहना हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही शिवसेना यूबीटी नेता के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है।

**संजय राउत ने राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोपः** संजय राउत ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद मराठी बोलने वाले लोगों पर हमले बढ़े हैं। संजय राउत ने आरोप लगाया कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि उन्हें मुंबई और आसपास के इलाकों से बाहर निकाला जाए।

## रूस ने नए साल पर दिया भारत को दुनिया का सबसे खतरनाक युद्धपोत, नाम सुनकर ही थर्रा उठा चीन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मॉस्को।** भारत के परंपरागत दोस्त रूस ने नए साल से पहले ही दुनिया का सबसे खतरनाक युद्धपोत देकर दुश्मनों के होश उड़ा दिए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने भारत की नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए रूस निर्मित युद्धपोत आईएनएस तुशील को रवाना कर दिया है। यह युद्धपोत दुनिया के सबसे घातक युद्धपोतों में गिना जाता है, जो रूस के कलिनिनग्राद से भारत के लिए रवाना हो गया है। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में गत 9 दिसंबर को इस युद्धपोत को रूस के कलिनिनग्राद में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। अब इसके भारत की ओर रवानी की खबरों ने चीन–पाकिस्तान जैसे दुश्मनों की नींद उड़ा दी है। इस पर चीन ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए रणनीतिक रूप से इसे भारत की बढ़त करार देते हुए चिंता जाहिर की है।



### दुनिया में तकनीकी रूप से सबसे उन्नत युद्धपोत है आईएनएस तुशील

आईएनएस तुशील भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया सातवां तलवार श्रेणी का युद्धपोत है। "इसे उन्नत स्टील्थ फीचर्स और बेहतर स्थिरता विशेषताओं के लिए जाना जाता है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के स्ट्रैटजिक एंड डिफेंस स्टडीज सेंटर में पीएचडी उम्मीदवार डोंगकेन ली ने बताया, आईएनएस तुशिल एक निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट है जो एशिया में इपनडुब्बियों की तुलना में एक अलग भूमिका निभा रहा है।" भारत की कई परमाणु पनडुब्बियां चीन द्वारा उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

बता दें कि रूस और भारत की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों एवं युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों के प्रभावशाली मिश्रण वाले इस पोत की लंबाई 125 मीटर और वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत से हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। हिंद महासागर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान चीन की पीएलए नौसेना की सक्रियता बढ़ी है। इस लिहाज से भारतीय नौसेना के बेड़े में आईएनएस तुशील का शामिल होना चीन की नींद उड़ाने वाली घटना है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने फरार दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बल्लोपुर ग्रामीण कुर्क वारंटी नंदू यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने महादेव बिगहा गांव के फरार वारंटी गोरे उर्फ गोरेलाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद प्रेमी जोड़ी ने कोर्ट पहुंच रचाई शादी

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के डीह रजौली की युवती एवं मेसकौर के मिर्जापुर गांव के युवक के बीच प्रेम प्रसंग को लेकर लगातार दो दिनों तक चले हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद कोर्ट पहुंचकर शादी कर लिया।मिली जानकारी के अनुसार युवक और युवती बीते कुछ वर्षों से प्रेम प्रसंग में थे।इस बीच लड़की की शादी कहीं और हो गई।प्रेमी को यह बात हजम नहीं हुआ और युवती के पति के पास कुछ फोटो व वीडियो भेज दिया।जिसके बाद युवती मायके में आकर रहने लगी।इसी बीच बीते बुधवार को युवक ने युवती को रजौली बाईपास बुलाया।जहां स्थानीय लोगों द्वारा युवक और युवती की शादी हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद करवा दिया गया।चूंकि युवती के ससुराल से युवक ने फोटो भेजकर रिश्ता बिगाड़ दिया था,इसलिए स्थानीय लोगों ने युवती और युवक की शादी रजौली के एक मंदिर में करवा दिया।युवक के घरवालों को जब इसकी खबर मिली,तो वे दस–पन्द्रह लोगों के साथ युवती के घर पहुंच लड़ाई–झगड़ा करने लगे।घटना की सूचना पुलिस बलों को मिलने के बाद थाना परिसर में युवक एवं युवती के परिजन शादी के लिये राजी हुए।ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को सड़क पर एवं गुरुवार को थाना परिसर में हुए हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद शुक्रवार को युवक व युवती ने कोर्ट में जाकर शादी कर ली है।

### नवादा में 24 घंटे के अंदर 62 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों से गुरुवार को 62 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 19 दिसम्बर को नवादा जिला में जो पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, उनमें मद्य निषेध में 06, हत्या में 03, दहेज हत्या में 1, आर्म्स एक्ट में 01, अन्य शीर्ष में गिरफ्तारी 51 कुल 62 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 19 लीटर महुआ शराब , विदेशी शराब 8 .15 लीटर बरामद किया गया। वारंट में 33 , कुर्की में 13 वाहन जॉच के क्रम में कुल 627 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 1 लाख 44 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत ट्रैक्टर 01, मोटरसाइकिल 02, तसला 02, गैस सिलेंडर 01, गैस चूल्हा 01 बरामद किया गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### सरकारी अस्पतालों की स्थिति को बेहतर करने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को सौंपा गया अर्जी



**आर्यन मोहन**

**झारखंड।** अखिल भारतवर्षीय क्षत्रिय महासभा के महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार एवं चुटिया समाज के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, सचिव वीरेंद्र सिंह के द्वारा झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिलकर नए मंत्री बनाए जाने की शुभकामना दी एवं लिखित आवेदन देते हुए सरकारी अस्पतालों की स्थिति और बेहतर करने की मांग किया।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड की स्वास्थ्य सेवा में बदलाव लाया जाएगा। गरीबों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाई जाएगी।

# रजौली : जंगली रास्तों से शराब ढ़ोने वाले लाइनर समेत तीन को गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के सवैयाटांड़-धमनी पथ के रास्ते शराब परिवहन करने में संलिप्त लाइनर समेत तीन लोगों को पीएसआई रौशन कुमार ने गुरुवार की रात गिरफ्तार किया।साथ ही दो बाइकों को भी जब्त किया गया। शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी किया जा रहा है। वहीं कुछ शराब धंधेबाज कोडरमा जिले से शराब खरीदकर सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत होते हुए बुढ़ियासाख एवं धमनी गांव से रजौली बाजार व आसपास के क्षेत्र में शराब की खेंप पहुंचाते हैं।बीते रात्रि थानाध्यक्ष को शराब की खेंप की सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पीएसआई रौशन कुमार को सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी के लिए भेजा गया।इस दौरान सवैयाटांड़ के जंगली रास्तों से होते हुए दो बाइक लगभग 9 बजे रात को बुढ़ियासाख के समीप पहुंची,जहां पुलिस बल पहले से मौजूद थे।पुलिस को देखकर दो बाइकों पर रहे शराब धंधेबाज भागने लगे,जिसे पुलिस बलों ने खदेड़कर पकड़ लिया।वहीं बाइकों की तलाशी के दौरान रॉयल स्टेज के 375 एमएल एवं 750 एमएल वाले बोतल में बन्द कुल 8.625 लीटर शराब बरामद किया गया।इस दौरान दो बाइकों होंडा शाइन एसपी संख्या बीआर27एस1180 एवं ग्लैमर संख्या बीआर27भी8714 को जब्त किया गया।साथ ही तीन शराब धंधेबाजों में माथाडीह गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र चन्दन कुमार व मनोज यादव के पुत्र दिलखुश कुमार एवं धमनी गांव निवासी सोहर यादव के पुत्र रामजी कुमार को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार तीनों लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।। साथ ही कहा कि तीनों गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द शुरू होगी सी-सेक्शन से डिलीवरी की सुविधा



लोकतंत्र की आवाज

- सिविल सर्जन ने अस्पताल का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल ने किया। इस दौरान अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार एवं पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल में व्याप्त कमियों को दूर करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल में नालियां काफी मात्रा में टूटा-फूटा है। जिसको लेकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। वहीं अस्पताल के कई कमरों एवं शौचालय आदि का दरवाजा आदि खराब है,जिसका मरम्मत अनिवार्य है।वहीं आसपास की गर्भवती महिलाओं के डिलीवरी के लिए सी-सेक्शन की व्यवस्था जल्द ही चालू कर दी जाएगी।बताते चलें कि अनुमंडलीय अस्पताल को ट्रामा सेंटर तो बना दिया गया है,किन्तु अस्पताल बुनियादी सुविधाओं के आभाव में हमेशा सुर्खियों में बना रहता है।अस्पताल में चिकित्सक एवं ड्रेसर समेत कई अन्य पद खाली पड़ा हुआ है।वहीं अस्पताल में नालियों का पानी यत्र-तत्र बह रहा है।अस्पताल में रंग रोगन से लेकर कई कमियां व्याप्त है।वहीं अस्पताल में स्थापना के बाद से अब तक गर्भवती महिलाओं का नॉर्मल डिलीवरी एवं छोटे ऑपरेशन से डिलीवरी की सुविधा है। लेकिन गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन अर्थात सी-सेक्शन से बच्चे की डिलीवरी के लिए चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।अनुमंडलीय अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन की सुविधा होने पर आसपास के लोगों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टरों को किया जब्त

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं पुलिस को आते देख जब्त ट्रैक्टर के चालक फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि स्थानीय पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के पास छापेमारी कर दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर तथा मसनखावां गांव स्थित मरलाही नदी में छापेमारी कर दो अवैध बालू लदा टैज्क्टर को जब्त किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त सभी ट्रैक्टरों के कागजात के आधार पर वाहन मालिक व फरार चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आग्रतर करवाई की जा रही है। गौरतलब है कि स्थानीय पुलिस के अलावा खनन विभाग द्वारा समय-समय पर अवैध बालू उठाव को लेकर छापेमारी की कार्रवाई की जाती रही है, बावजूद अवैध बालू का धंधा बदस्तूर जारी।

## जिले के चार साहित्यकारों को मिला अंतर्राष्ट्रीय मगध शिखर सम्मान

लोक तंत्र की आवाज



- बाल प्रतिभाओं को भी सम्मान, किताब का लोकार्पण, कवि सम्मलेन और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से विभोर

**हिसुआ(नवादा)।** साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर करने वाले जिले के चार वरीय साहित्यकारों को पटना में अंतर्राष्ट्रीय मगही शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। वरीय साहित्यकार व पत्रकार रामरतन सिंह रत्नाकर, गीतकार, कवि व इप्टाकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह, साहित्यकार प्रोफेसर शिवेंद्र नारायण सिंह और व्यंग्यकार पत्रकार उदय कुमार भारती सम्मानित हुए। छोटी पटन देवी के महंथ बाबा विवेक द्विवेदी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पौत्र अरविंद कुमार सिंह, फिल्म निर्माता प्रभात वर्मा और संयोजिका पूजा ऋतुराज ने उन्हें सम्मानित किया। नवसृजन एंव सर्वांगीण विकास संस्थान के बैनर तले पूजा ऋतुराज के माता-पिता की पुण्यस्मृति में साहित्यकार, कलाकार और बाल प्रतिभाओं के सम्मान के साथ लोक भाषा कवि सम्मेलन और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई। 29 साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार और समाज सेवी और 20 बाल प्रतिभाओं को सम्मान मिला। बाल प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय मगध बाल श्री सम्मान से नवाजा गया। युवा यूथ होस्टल में वरीय साहित्यकार दिलीप कुमार की अध्यक्षता और सौम्या शंकर के संचालन और ममता भूषण, ज्ञानवंति देवी, प्रेमलता सिंह, महिमा शंकर की सक्रियता में दीप जलाकर संयोजिका ऋतुराज के स्वागत और विषय प्रवेश से कार्यक्रम कि शुरूआत हुई। विशिष्ट अतिथि राम रतन सिंह रत्नाकर ने कहा कि मगही प्राचीन भाषा है। सरहपाद, बुद्ध, अशोक काल से मगही है। 20वीं शताब्दी में मगही सबसे अधिक समृद्ध हुई। उन्होंने कई साहित्यकार सहित डॉ रामनंदन और पूजा ऋतुराज के कार्य को रेखांकित किया। राम रतन सिंह सहित वक्ताओं ने प्रभात वर्मा की साहत्यि सेवा लेखन, पत्र-पत्रिका संपादन, दैनिक अखबार निकालने, फिल्म और सीरियल निर्माण की सराहना की और ताउम्र समर्पित रहने की बात कही। प्रभात वर्मा ने कहा कि मगही फिल्म बनाने जैसे जोखिम के काम को तन-मन-धन से किया। मगही के लिए मेरा सब कुछ समर्पित है। दिनकर जी के पौत्र अरविंद दिनकर ने कहा कि मगध का गौरव पूर्ण इतिहास में आज एक और इतिहास जुड़ा है। उन्होंने पूरे कार्यक्रम को स्तरीय बताते हुए ऋतुराज के साहस और ऐतिहासिक कार्य की प्रशंसा की। मौके पर लोकार्पित प्रभात वर्मा की अनुभवों की अभिव्यक्ति और पूजा ऋतुराज की जीवन की तरंग पुस्तक को भी अतिथियों ने सराहा। आकाशवाणी और दूरदर्शन की लोकगायिका रीता ने गणेश बंदना और स्वागत गीत से और शुभ रूचि क्रिएसन की नन्ही बालिका शुभांगी चौहान और अराध्या चौहान ने प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा। वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र रंजन, सुनील सेवक, कृष्ण कुमार आदि ने संबोधित किया।

## वारिसलीगंज : प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में मनरेगा के तहत खेल परिसर निर्माण का किया शिलान्यास

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत खेल मैदान निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को मनरेगा अधिकारी व कर्मियों के द्वारा संबंधित पंचायत की मुखिया की उपस्थिति में किया गया।इस क्रम में इंटर विद्यालय चकवाय परिसर में मनरेगा के पीओ पंकज कुमार की उपस्थिति में मुखिया मृत्युंजय कुमार उर्फ मिथुन ने शिलापट्ट का उदघाटन किया।जबकि मकनपुर पंचायत की रेखा देवी की उपस्थिति में पंचायत की मसुदा गांव में पंचायत रोजगार सेवक दिग्विजय कुमार के द्वारा खेल परिसर का विधिवत शिलान्यास किया गया।इस बाबत मनरेगा पीओ ने कहा कि सीएम के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओ में खेल प्रतिभा के विकास को लेकर हर ग्राम पंचायत में एक खेल मैदान निर्माण को ले आज शिलान्यास कार्य किया गया है।यह कार्यक्रम सम्पूर्ण बिहार में आज से शुरू हुआ है।मकनपुर पंचायत के रोजगार सेवक दिग्विजय कुमार के बताया कि उक्त खेल मैदान में क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, बैंडमिंटल ,खो खो समेत युवाओ को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए दौड़ लगाने में खेल का मैदान सहायक साबित होगा। खेल मैदान निर्धारित अवधि में बनाकर तैयार कर दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनने से ग्रामीणों के साथ युवाओं में खुशी देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को खेल व दौड़ की तैयारी करने में अब परेशानी नहीं होगी।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति की मौत, परिजनों में कोहराम

लोक तंत्र की आवाज



**हिसुआ (नवादा )।** हिसुआ थानाक्षेत्र के बैजनाथपुर गुमटी के समीप ताड़ के पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति मौत हो गयी ,जिसके बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। मृतक का पहचान बरैठा ग्राम निवासी सुरेन्द्र चौधरी के रूप में बताया गया है। घटना उस वक्त हुआ ,जब उक्त व्यक्ति ताड़ का पेड़ काटने के लिए रस्सा बांधने ताड़ के पेड़ पर चढ़ा था। बहरहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पातल भेज दिया है। बताया गया है कि वह व्यक्ति टेकपुर निवासी कृष्णा यादव के खेत बटाई कर खेती करता था। वह खलिहान में धान झाड़ने का काम कर रहा था ,तभी गुल्लु चौहान नामक व्यक्ति अपना ताड़ का पेड़ को काटने के लिए ताड़ का पेड़ पर चढ़कर रस्सा बांधने के लिए सुरेन्द्र चौधरी को को कहा। वह अपना काम छोड़कर ताड़ पर रस्सा बांधने चढ़ा हीं था कि अचानक नियंत्रण खो दिया और पेड़ से सीधा नीचे आ गिरा, जिसके बाद उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ताड़ के पेड़ से गिरकर मौत होने की सूचना मिली, तो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजें। इस संबंध में पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## नवादा : जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एफएलएन) कार्यशाला

लोकतंत्र की आवाज





**नवादा (शहर)।** नवादा जिला में विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से 3 दिनों में 14 प्रखंड के 218 मास्टर ट्रेनर्स के लिए दुल्हन बैंक्वेट हॉल में 20 दिसंबर को आयोजित की गई। यह कार्यशाला जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से पिरामल फाऊंडेशन के द्वारा आयोजित किया गया है, इस कार्यशाला में प्रत्येक प्रखंड के एक-एक पंचायत से एक शिक्षक को मास्टर ट्रेनर का दायित्व सौंपा गया है। यह कार्यक्रम नीती आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी न्यूमेरिसी) का प्रभावी उपयोग करना और बच्चों के शैक्षिक परिणामों को सुनिश्चित एवं सुधारना है। कार्यशाला के दौरान, विद्यालयों की दैनिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के प्रयासों पर भी चर्चा की गई। पिरामल फाउंडेशन की टीम और शिक्षकों के बीच समस्याओं के समाधान को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही, चेतना सत्र, बाल संसद, बाल पेंटिंग, पुस्तकालय और दैनिक समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई साथ ही इन समस्या का निवारण के साथ बच्चों में लर्निंग आउट कम बढ़ाने के ऊपर बात की गई। कार्यशाला में यह बात सामने आई कि कक्षा संचालन, विद्यालय प्रबंधन, पंचायत, गांव और समुदाय से जुड़ी समस्याओं पर विचार साझा किए गए। इसमें विशेष रूप से अभिभावकों और जन प्रतिनिधियों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही यह भी देखा गया कि शिक्षकों की अन्य कार्यों में व्यस्तता के कारण वे कक्षाओं में कम भाग ले पाते हैं। कार्यशाला के तीसरे दिन पकरीबरावां, कौआकोल, वारसलीगंज और नवादा के मास्टर ट्रेनर (शिक्षक) ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि मास्टर ट्रेनर अपने पंचायत के हर एक विद्यालय में भ्रमण कर एफएलएन और स्कूल प्रोसेस के माध्यम से बच्चों में अधिगम स्तर बढ़ाने में मदद करेंगे और नवादा जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का है। इस कार्यशाला में तीन दिनों में 218 मास्टर ट्रेनर ने भाग लिया। इस कार्यशाला में नवादा जिला के पिरामल की पूरी टीम उपस्थिति थे। प्रोग्राम मैनेजर - सुजीत कुमार, पवन कुमार प्रोग्राम लीड - प्रशान्त, राहत, दीपाली और संजीव, ब्लॉक लेवल से आयुष, अंकिता, समीक्षा, दीक्षा, अदिति मिश्रा, अदिति सिंह, सरस्वती, गौरव, लीलाधर, आशुतोष, प्रशांत, रेणु, यश गांधी फेलो उपस्थित थे।

## जन सुराज के प्रांतीय उपाध्यक्ष बने नवादा के पूर्व डीएम ललनजी

लोक तंत्र कीआवाज



**नवादा।** नवादा के पूर्व जिलाधिकारी तथा कोसी प्रमंडल के आयुक्त रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ललन यादव उर्फ ललन जी को बिहार प्रांत जन सुराज पार्टी का प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। जन स्वराज पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज कुमार भारती ने पत्र जारी कर ललन जी को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया ।पत्र में कहा गया है कि कोर कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय को अमली जामा पहनाने का काम पार्टी के नव मनोनीत पदाधिकारी करेंगे ।उनकी जिम्मेदारी जिले स्तर पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों को जनजन तक पहुंचाने की होगी ।प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में वे बिहार के सभी निर्धारित जिलों में जाकर जन स्वराज के नीतियों तथा कार्यक्रमों को अमली जामा पहनाने का काम करेंगे ।नवादा के पूर्व जिलाधिकारी ललन जी के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर जन स्वराज पार्टी राज्य कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रदेव कुशवाहा , हिसुआ के जिला पार्षद रणजीत कुमार उर्फ चुन्नू सिंह ,मीडिया प्रभारी अजय कुमार ,मसीहुद्दीन, सुजयभान सिंह ,राजकुमार राज के साथही कई अधिवक्ताओं, पत्रकारों तथा बुद्धिजीवियों ने भी ललन जी को बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है ।पूर्व जिलाधिकारी ललन जी ने बताया कि वे जन सुराज की नीतियों को अमलीजामा पहनाने जीतोड़ परिश्रम करेंगे। ताकि 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी की सरकार बन सके ।उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब बिहार में जन सुराज का शासन व्यवस्था कायम होगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुरादाबाद:ओपीडी रही 220 के पार सर्दी खांसी जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**संवाददाता सईद कुरैशी**

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण खांसी जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। नए साल से पूर्व सर्दी ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लिया है। पहाड़ों में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में भी ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार को नगर के सीएचसी केंद्र पर सुबह से ही सर्दी खांसी जुकाम के मरीजों की भीड़ लगी रही। ओपीडी में 220 लोगों ने पर्चा बनवाया। एलटी प्रमोद कुमार ने बताया कि सीएचसी केंद्र पर 18 लोगों ने बुखार की जांच की जांच कराई। जिसमें डेंगू ,मलेरिया ,टाइफाइड का कोई भी मरीज नहीं मिला। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल ने बताया कि सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पहन कर ही घर से बाहर निकलें। बच्चों और बुजुर्गों को घर से निकलते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

### केशव प्रसाद मौर्य का विधान परिषद के सदस्यों को महाकुंभ में आने का निमंत्रण, कहा- सभी आस्था की डुबकी लगाएं



रत्ना

**लखनऊ।** केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को विधान परिषद के सभी सदस्यों को महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने लोगों से कहा कि सभी को आस्था में रम जाना चाहिए। दूसरी ओर मायावती ने गृहमंत्री अमित शाह को घेरा। साथ ही भाजपा और कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बाबा साहब के अनुयायियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आस्था के संगम में सभी सदस्य डुबकी लगाएं। उन्होंने अच्छी तरह से सदन के संचालन में सहयोग करने के लिए नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव सहित सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

### यूपी में शीतलहर और गलन ने बढ़ाई ठंड, 22 से चलेंगी सर्द हवाएं, जानें आज कैसा रहेगा मौसम




रत्ना

लखनऊ :उत्तर प्रदेश में मौसम तेजी से करवट बदल रहा है। दिन और रात में सर्द हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। मौसम विभाग के मुताबकि 21 दिसंबर तक मौसम ऐसे ही रहेगा। 22 दिसंबर से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हो सकती है। इससे ठंड बढ़ सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम विभाग के मुताबकि, 21 दिसंबर तक मौसम ऐसे ही रहेगा। 22 दिसंबर से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हो सकती है। इससे और भी ज्य ठंड बढ़ सकती है। गुरुवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक था। वहीं, न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक था। शुक्रवार को लखनऊ में मौसम वभिाग ने अधिकतम तापमान 24.3 तो न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानकि डा. अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 21 दिसंबर तक मौसम में परिवर्तन नहीं दिख रहा है।

# मेरठ में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा में मची भगदड़

**दैनिक लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**

### उत्तर प्रदेश के मंडल मेरठ में उश समय भगदड़ मच गई जब



महिलाएं-बुजुर्ग चोटिल, एक लाख लोग पहुंचे थे; बाउंसर्स रोककर एंट्री कराने लगे तो भीड़ बेकाबू हुईमेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए।दोपहर 1 बजे से कथा शुरू हो चुकी थी। करीब 1 लाख लोग पहुंचे थे। कथा शुरू होने पर लोग जल्दबाजी में अंदर जा रहे थे। बाउंसर्स ने भीड़ अचानक बढ़ने पर लोगों को रोक-रोक कर एंट्री करानी शुरू कर दी फिर भगदड़ मच गई। चोटिल महिलाओं और बुजुर्गों का घटनास्थल पर बने हेल्थ कैंप में इलाज किया जा रहा है। शताब्दी नगर में चल रही इस कथा का आज छठा और कल आखिरी दिन है। रोज करीब डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। कई वीवीआइपी भी कथा में शामिल हो चुके हैं।

**एंट्री को लेकर बाउंसर्स से झगड़ा:** कथा में जिस रास्ते से भीड़ आ रही थी, उसी रास्ते से मुख्य यजमान भी जा रहे थे। तभी एंट्री को लेकर झगड़ा हो गया। एंट्री गेट पर बाउंसर्स ने महिलाओं को अंदर जाने से रोक दिया। पीछे से भीड़ आगे बढ़ने के लिए धक्का देती रही। इसी बीच 15-20 महिलाएं एक-एक कर गिर गईं।

एक दिन में दो बार भगदड़ मची: बताया जा रहा है कि कथा के दौरान शुक्रवार को 2 बार भगदड़ मची। सबसे पहले सुबह 9.30 बजे भगदड़ मची थी। इस दौरान लोग वीआइपी पास के लिए जुटे थे, लेकिन यह शांत हो गई। इसके बाद दोपहर 1 बजे फिर भगदड़ मच गई।कथा स्थल पर 1000 **पुलिसकर्मी, ड्रोन से निगरानी:** * श्री केदारेश्वर सेवा समिति मेरठ की ओर से 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक शिव महापुराण की कथा शताब्दीनगर में चल रही है।

* सीहोर के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा प्रवचन कर रहे हैं। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक है।

* यहां 7 पार्किंग बनाई गई है। 1000 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

* एक मिनी अस्पताल, स्वच्छ जल, भोजन और अन्य सुविधाएं हैं।

* कथा पंडाल और आसपास 5 हजार सीसीटीवी लगाए गए हैं। ड्रोन से हर गतिविधि पर नजर भी रखी जा रही है।कथा में अंदर कुछ नहीं हुआ। गुरुजी (पं प्रदीप मिश्रा) आ रहे थे, मुख्य गेट से उनकी गाड़ी एंट्री कर रही थी तो उनके बाउंसर्स और पुलिस उनकी गाड़ी को निकलवाने लगी। इसी बीच 2-3 लोग डिसबैलेंस हुए। बाकी कोई हताहत नहीं हुआ। सब सामान्य है। - अवनीश कुमार, एसपी क्राइम

**डीएम बोले- जांच करा रहे हैं :** डीएम दीपक मीणा ने कहा- पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था यहां पर है। सब सामान्य चल रहा है। सभी चीजें व्यवस्थित हैं। हम लोग जांच कर रहे हैं कि क्यों भगदड़ मची। किसी ने अफवाह फैलाई क्या। प्रदीप मिश्रा ने कहा- गाड़ियों से आए लोग पार्किंग में उतर रहे थे पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान भगदड़ का सीधे जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा- आज हम आ रहे थे। हमने देखा कि रास्ते में बहुत भीड़ थी। जो लोग ट्रैक्टर ट्रॉली या लोडिंग गाड़ियों से आ रहे थे, वो वहीं पार्किंग में उतर रहे थे। जो वीआइपी गाड़ी से आ रहे थे, वो भी वहीं उतर रहे थे। मैं मेरठ के कलेक्टर, एसपी, एसएसपी, आईजी, कमिश्नर, टीआई, डीएम-एसडीएम को साधुवाद देता हूं। एक-एक पुलिसवाले ने काम किया। गरीब और अमीर सबकी एक जगह गाड़ी पार्क कराई। सब में समता का भाव है।कथा में अंदर कुछ नहीं हुआ। गुरुजी (पं प्रदीप मिश्रा) आ रहे थे, मुख्य गेट से उनकी गाड़ी एंट्री कर रही थी तो उनके बाउंसर्स और पुलिस उनकी गाड़ी को निकलवाने लगी। इसी बीच 2-3 लोग डिसबैलेंस हुए। बाकी कोई हताहत नहीं हुआ। सब सामान्य है। - अवनीश कुमार, एसपी क्राइम

डीएम बोले- जांच करा रहे हैं डीएम दीपक मीणा ने कहा- पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था यहां पर है। सब सामान्य चल रहा है। सभी चीजें व्यवस्थित हैं। हम लोग जांच कर रहे हैं कि क्यों भगदड़ मची। किसी ने अफवाह फैलाई क्या। प्रदीप मिश्रा ने कहा- गाड़ियों से आए लोग पार्किंग में उतर रहे थे

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान भगदड़ का सीधे जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा- आज हम आ रहे थे। हमने देखा कि रास्ते में बहुत भीड़ थी। जो लोग ट्रैक्टर ट्रॉली या लोडिंग गाड़ियों से आ रहे थे, वो वहीं पार्किंग में उतर रहे थे। जो वीआइपी गाड़ी से आ रहे थे, वो भी वहीं उतर रहे थे। मैं मेरठ के कलेक्टर, एसपी, एसएसपी, आईजी, कमिश्नर, टीआई, डीएम-एसडीएम को साधुवाद देता हूं। एक-एक पुलिसवाले ने काम किया। गरीब और अमीर सबकी एक जगह गाड़ी पार्क कराई। सब में समता का भाव है।कथा में अंदर कुछ नहीं हुआ। गुरुजी (पं प्रदीप मिश्रा) आ रहे थे, मुख्य गेट से उनकी गाड़ी एंट्री कर रही थी तो उनके बाउंसर्स और पुलिस उनकी गाड़ी को निकलवाने लगी। इसी बीच 2-3 लोग डिसबैलेंस हुए। बाकी कोई हताहत नहीं हुआ। सब सामान्य है। - अवनीश कुमार, एसपी क्राइम

**डीएम बोले- जांच करा रहे हैं :** डीएम दीपक मीणा ने कहा- पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था यहां पर है। सब सामान्य चल रहा है। सभी चीजें व्यवस्थित हैं। हम लोग जांच कर रहे हैं कि क्यों भगदड़ मची। किसी ने अफवाह फैलाई क्या। प्रदीप मिश्रा ने कहा- गाड़ियों से आए लोग पार्किंग में उतर रहे थे वीआइपी पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान भगदड़ का सीधे जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा- आज हम आ रहे थे। हमने देखा कि रास्ते में बहुत भीड़ थी। जो लोग ट्रैक्टर ट्रॉली या लोडिंग गाड़ियों से आ रहे थे, वो वहीं पार्किंग में उतर रहे थे। जो वीआईपी गाड़ी से आ रहे थे, वो भी वहीं उतर रहे थे। मैं मेरठ के कलेक्टर, एसपी, एसएसपी, आईजी, कमिश्नर, टीआई, डीएम-एसडीएम को साधुवाद देता हूं। एक-एक पुलिसवाले ने काम किया। गरीब और अमीर सबकी एक जगह गाड़ी पार्क कराई। सब में समता का भाव है। भारी वाहनों को डायवर्ट भी किया गया एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा ने बताया- शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक डायवर्जन किया गया है। जुलाई में हाथरस में सत्संग में मची थी भगदड़, 123 की मौत हुई2 जुलाई को हाथरस के सिकंद्राराऊ में भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़ मच गई थी। भगदड़ के बाद 123 लोगों की मौत हो गई थी और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। मामले में मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर और 10 अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। 11 आरोपियों के खिलाफ 3200 पेज की चार्जशीट दाखिल की गई थी। इसमें कथा वाचक भोले बाबा का नाम नहीं था।

## श्रीमद् भागवत कथा में कंस वध और श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का वर्णन



**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता सईद कुरैशी**

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कंस वध और श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए किया गया। नगर के वार्ड नंबर 5 विवेकानंद इंटर कॉलेज के पीछे श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक उपेंद्र गौड़ ने कंस वध और भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का मनमोहक वर्णन किया। इस दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की गई। कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए और भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाने लगे। इस दौरान कथा में रोहितास सिंह, ब्रह्मपाल सिंह यादव, पुष्पेंद्र कुमार ,सुनील कुमार , देव प्रकाश सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, कुलबीर सिंह राना,वीना देवी अखिलेश देवी, किरण देवी, गीता शर्मा, नेहा यादव आदि भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं प्रयागराज के तीर्थपुरोहित प्रयागवाल, बही खाते में रखते हैं सात पीढ़ियों तक का लेखा जोखा

**लोक तंत्र की आवाज**

**सतीश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के तीर्थ पुरोहित प्रयागवाल की परंपरा बहुत पुरानी है। ये तीर्थ पुरोहित प्रयागराज के संगम तट पर पूजन-अर्चन का अधिकार रखते हैं। इनका मुख्य कार्य संगम क्षेत्र में पिंडदान और अस्थि पूजन करवाना है। ये तीर्थ पुरोहित अपने यजमानों का वंशवार लेखा-जोखा अपनी बही में लिख कर रखते हैं और पहचान की सुविधा के लिए अलग-अलग झंडा और निशान पीढ़ी दर पीढ़ी से अपनाते चले आ रहे हैं। मोक्षदायक तीर्थराज प्रयाग में मृत्यु से मुक्ति का मार्ग, यहां के तीर्थपुरोहित प्रयागवाल ही दिखाते हैं। सनातन परंपरा और पौराणिक मान्यता के अनुसार मृत्यु के बाद पितरों की मुक्ति संगम क्षेत्र में अस्थि पूजन और पिंडदान के बाद ही होती है। सनातन परंपरा प्रयागराज के संगम तट पर पूजन-अर्चन का अधिकार यहां के तीर्थपुरोहित प्रयाग वालों को ही प्रदान करती है। प्राचीन काल से संगम तट पर पूजन करवाने और माघ तथा महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को कल्पवास करवाने का कार्य प्रयागवाल तीर्थपुरोहित ही करते आ रहे हैं। मोक्षदायक तीर्थराज प्रयाग में मृत्यु से मुक्ति का मार्ग, यहां के तीर्थपुरोहित प्रयागवाल ही दिखाते हैं। सनातन परंपरा और पौराणिक मान्यता के अनुसार मृत्यु के बाद पितरों की मुक्ति संगम क्षेत्र में अस्थि पूजन और पिंडदान के बाद ही होती है। सनातन परंपरा प्रयागराज के संगम तट पर पूजन-अर्चन का अधिकार यहां के तीर्थपुरोहित प्रयाग वालों को ही प्रदान करती है। प्राचीन काल से संगम तट पर पूजन करवाने और माघ तथा महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को कल्पवास करवाने का कार्य प्रयागवाल तीर्थपुरोहित ही करते आ रहे हैं।

## यूपी कांग्रेस मुख्यालय का कमरा सील, पूछताछ के लिए 20 को नोटिस जारी

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ।** यूथ कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी प्रभात पांडेय की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। गुरुवार देर रात को श्वान दस्ते के साथ पुलिस व फॉरेंसिक की फील्ड यूनिट ने माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के उस कमरे (कक्ष संख्या-30) को सील कर दिया था जहां प्रभात के बेसुध पड़े होने की बात सामने आई थी। गुरुवार देर रात को श्वान दस्ते के साथ पुलिस व फॉरेंसिक की फील्ड यूनिट ने माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के उस कमरे (कक्ष संख्या-30) को सील कर दिया था, जहां प्रभात के बेसुध पड़े होने की बात सामने आई थी। यह कमरा में भंग चल रहे अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन शाह नवाज आलम के नाम आवंटित है। गुरुवार को पुलिस ने पूछताछ के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित 20 लोगों को नोटिस दिया है। कांग्रेस मुख्यालय व सिविल अस्पताल से डीवीआर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। इस बीच प्रभात की मौत झड़प के दौरान होने का आरोप लगाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में विधानसभा का घेराव होना था। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए गोरखपुर निवासी प्रभात पांडेय भी पहुंचा था। प्रदर्शन शुरू होने के बाद प्रभात कार्यालय के अंदर गया और कुछ देर बाद उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। किसी ने फोन पर प्रभात के चाचा मनीष कुमार पांडेय को इसकी जानकारी दी तब उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई। गुरुवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक बार फिर डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के नेतृत्व में एडीसीपी मनीषा सिंह, एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल के साथ पुलिस टीम पूछताछ के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंची।

## कलाकार मुश्ताक खान किडनैपिंग मामला :25000 का इनामी आकाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान**



बिजनौर में फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण और फिरौती कांड के फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी से आज पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से नगदी और अवैध तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आज रात को बिजनौर शहर कोतवाली पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी आकाश उर्फ गोला, उर्फ दीपेंद्र पुत्र आसाराम निवासी मोहल्ला चाहशीरी,नई बस्ती, मण्डावर रोड स्थित मालन नदी के पुल पर किसी से मिलने आ रहा है। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।

**पुलिस ने बरामद किया अवैध तमंचा और नगदी:** गिरफ्तारी के बाद आरोपी के कब्जे से 10,200 रुपये नकद और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। आरोपी को गंभीर हालत में पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के समय उपनिरीक्षक की बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी, जिससे उसकी जान बच गई। इस संबंध में एसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी घटनास्थल पर मौजूद है। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से 10,200 रुपये और एक तमंचा बरामद किया गया है। अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मुरादाबाद:राणा शुगर मिल की चिमली से निकलने वाली छाई को लेकर जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन ने महा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की आवाज**

**नवील अहमद**

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर संक्रामक रोग फैलने का खतरा बताया



**भगतपुर।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन द्वारा भगतपुर क्षेत्र के ग्राम बेलबाड़ा मैं बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य संगठन मंत्री, राष्ट्रीय संरक्षक लाला राम गंगवार, जिला अध्यक्ष अतीक अहमद द्वारा किसानों की समस्याओं को सुना गया जिसमें ग्रामीण किसानों का कहना है कि राणा शुगर मिल की चिमली से छाई उड़ रही है। जिससे राणा शुगर मिल की चिमली से निकलने वाली छाई से दर्जन भर गांवो के ग्रामीण परेशान इससे बच्चों और बड़ो में संक्रामक रोग फैलने का खतरा पैदा हो गया है। पशुओं पर भी पड़ रहा है। जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के पदाधिकारी के साथ मिलकर ग्रामीणों ने आज एकत्र होकर प्रदर्शन कर आरोप लगाते हुए बताया कि राणाशुगर मिल की चिमली से निकलने वाली छाई से आस पास के गांव नीनागल, वेलवाड़ा, वेरखेड़ा, बिलाकुदन सरदारनगर, अटरिया, सिकमपुरपांडेय, काकर खेड़ा, गुलड़िया, चुहानगला,आदि गांव के ग्रामीण परेशान है, मिल की चिमली से निकलने वाली छाई के कारण पशुओं का चारा व आम के बगीचों को काफी नुकसान हो रहा है, इतना ही नहीं छाई के कारण क्षेत्रवासी खुले में कपड़े ओर अनाज तक नहीं सुखा सकते है और इसकी छाई से जनमानस की आंखों ओर सांस के मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही दोनों तरफ ट्रकों और ट्रैक्टर ट्रिलिया खड़ी रहती हैं जाम लगने का खतरा बना रहता है।और कोई भी हादसा हो सकता है।वहीं जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष अतीक अहमद का कहना है कि इस समस्याओं का राणा शुगर मिल के महा प्रबंधक ने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिसमें उपस्थित रहे राशिद अली, मोहम्मद आरिफ, डॉक्टर इरशाद, अंसार अली समस्त जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आइसीयू में भर्ती भाजपा सांसद पर अखिलेश यादव ने कसा तंज, कहा- 'कस्सिों पर टकिी होती है कुछ लोगों की जिंदगी'

**लोक तंत्र की आवाज**

**सतीश**



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखलिेश यादव ने फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लखिा कि भाजपाई सांसद फर्रुखाबाद से सच में जीते थे लेकिन सच जानने वाले जानते हैं कि वो सज्जन पुरुष वोट से नहीं बल्कि प्रशासन के बत्ती गुल करने और लाठीचार्ज करने से ही जीते थे। आपको बता दें कि मुकेश राजपूत अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने मुकेश राजपूत को लेकर सोशल मीडयिा पर टप्पिणी भी की है। सपा अध्यक्ष अखलिेश यादव ने एक्स पर लिखा कि कुछ लोगों की जिंदगी किस्सों से जुड़ी होती है, जिसमें कहानी-ही-कहानी होती है। कोई सच्चाई नहीं। जैसे एक कहानी ये है कि कोई भाजपाई सांसद फर्रुखाबाद से सच में जीते थे, लेकिन सच जानने वाले जानते हैं कि वो सज्जन पुरुष वोट से नहीं बल्कि प्रशासन के बत्ती गुल करने और लाठीचार्ज करने से जीते थे। अब एक और नया किस्सा बनाया जा रहा है, जिसमें इस बार भी कोई सच्चाई नहीं है। वो एक बार अकेले में जरूर सोचें कि धक्का उनको ही क्यों लगा?आपको बता दें कि गुरुवार को संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित धक्का मुक्की करने के आरोप में भाजपा सांसद हेमांग जोशी ने उनके खिलाफ संसद मार्ग थाने में शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी द्वारा धक्का मुक्की करने से भाजपा के दो सांसदों को गंभीर चोट आई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ओभर लोड गाड़ियों से जाम एकाचरी महगामा रोड



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती/कहलगांव। एनटीपीसी कहलगांव के ऐश लोड वाहनों के काफिला से उत्पन्न जाम से एकचारी रूट के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। एकचारी से महगामा की ओर जाने वाले दर्जनों ग्रामीण इस जाम के झाम में फंसकर राहगीर अपने अपने घर देर रात पहुंचते हैं। सफर में साथ चल रहे छोटे छोटे बच्चे भूख से बिलबिला उठते हैं। इस जाम को लेकर रसलपुर थाने की पुलिस टीम कार्रवाई करने से गुरेज करती है। मालूम हो कि ऐश लोड ट्रक, हाइवा के इस मनमाने संचालन को लेकर एकचारी त्रिमुहान सडक पर प्रतिदिन जाम लग रहा है। जिसको देखने वाला कोई नही है। जाम के कारण स्थानीय लोगो एवं स्कूल,कॉलेज, कोचिंग आने-जाने वाले छात्रों तथा ट्रेन पकडने वाले लोगों को भारी भी हर दिन परेशानियों का सामना करना पड रहा है। गुरूवार को भी ट्रक, हाइवा चालकों की लापरवाही के कारण अहले सुबह से ही एकचारी रेलवे स्टेशन सहीत त्रिमुहान चौक व आमापुर तक सडक के दोनों ओर भारी वाहनो का काफिला लगा हुआ था। जिसको लेकर लगभग दो दर्जन से ज्यादा अंग्रेजी स्कूल के छात्रो का स्कूल छुट गया। सुवह चार बजे से 8 बजे तक तीन घंटे सडक के दोनों ओर ट्रक के खडे रहने के कारण लोगों को पैदल चलने में भी खासी परेशानी हो रही थी। झारखंड का सबसे निकटवर्ती रेलवे स्टेशन होने के कारण एकचारी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ ता झारखंड के यात्री ट्रेन पकडने निजी व प्राइवेट वाहनों से स्टेशन पहुंचते हैं।

### राज्य सीनियर महिला बॉल बैडमिंटन टीम में नवगछिया के अभिलाषा का चयन



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। रायगढ़ ( महाराष्ट्र ) में 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 70वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले बिहार टीम में नवगछिया पुलिस जिला से अभिलाषा कुमारी का चयन हुआ है।इसका चयन पिछले दिनों मधेपुरा में सम्पन्न हुए 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर हुआ। है। राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि नवगछिया महदत्तपुर निवासी केदार सिंह व अंजली कुमारी की पुत्री है व जीबी कॉलेज नवगछिया की छात्रा है।राज्य बॉल बैडमिंटन टीम में चनित होने पर पुर्व मध्य रेल्वे थाना बिहपुर के एडीइएन नवीन कुमार,कार्यालय के ओएसडी अमित कुमार,जिला संघ के कोषाध्यक्ष दिव्यप्रियदर्शी,बिहपुर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, शिक्षाक राजेश कुमार रवि,अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार,अंकित कुमार शर्मा,राकेश कुमार,राजा कुमार,राजीव कुमार,साक्षी कुमारी,नेहा शर्मा,प्रज्ञा भारती आदि ने बधाई दी है'

### नगर पंचायत एकमा बाजार की सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

एकमा ( सारण )। नगर पंचायत एकमा बाजार की सामान्य बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद श्वेता रानी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नपं कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई।बैठक में मुख्य सड़क से पीसीसी संपर्क सड़क के निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु कमेटी बनाने, नल जल योजना की सुविधा हेतु टेंडरिंग की प्रक्रिया अपनाने व पूर्व की स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा कर क्रियान्वयन की स्वीकृति पर विशेष चर्चा कर उक्त योजनाएं सर्वसम्मति से पारित की गई। जिसके समर्थन में कुल 9 वार्ड पार्षदों की बैठक में उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य पार्षद श्वेता रानी, कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज, जेई लालू कुमार, चंद्र भूषण कुमार, वार्ड पार्षद नेहा कुमारी, संध्या देवी, आशा देवी, मनीफ सांई, शैलेंद्र प्रसाद, सुनीता देवी, रीना देवी आदि अन्य शामिल थे। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत सामान्य बोर्ड की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 11 वार्ड पार्षदों ने नगर पंचायत कार्यालय के गेट पर उपस्थित होकर योजनाओं के चयन व स्वीकृति मनमाने ढंग से करने का मुख्य पार्षद पर आरोप लगाते हुए बैठक का विरोध किया। बैठक में अनुपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से जेपी शर्मा, रणजीत कुमार सिंह, सुशीला देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, अनीता देवी, अंशु कुमारी, उमरावती, राकेश कुमार, उमेश प्रसाद आदि शामिल थे।

# 22 दिसंबर को यूथ आईकॉन निशिकांत सिन्हा के आगमन के साथ समस्तीपुर जिले से होगी बदलाव की शुरुआत

लोकतंत्र की आबाज




**समस्तीपुर।** शहर के बायपास स्थित संध्या उत्सव पैलेस के सभागार में युवा उद्यमी समाजसेवी निशिकांत सिन्हा कुशवाहा के जनसंपर्क पदाधिकारी रेणुका सिंह ने सम्वाददाता सम्मेलन में निशिकान्त सिन्हा के कार्यक्रम और उद्देश्य की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, कृषि और कला की धरती बिहार प्रतिभा की खान है। इसके बावजूद पूरे देश में अपना यह प्रदेश अपने पिछड़ेपन के कारण सिर्फ श्रम और प्रतिभा का आपूर्तिकर्ता राज्य बन कर रह गया है। बिहार की माटी से कई कामयाब लोग निकले हैं, उद्योगपति, अफसर, नेता, अभिनेता आदि। लेकिन बहुत कम लोग अपनी माटी का कर्ज उतारने के लिए बिहार लौट कर आते हैं और यहां के लिए कुछ करना चाहते हैं।

कहते हैं न की लहू को लहू पुकार ही लेता है इसी प्रकार अपने माटी की खुश्बू अपने बेटों को खींच ही लेती है। ऐसे ही लोगों में एक हैं निशिकांत सिन्हा कुशवाहा। जिनका दिल अपनी धरती बिहार केलिये धड़कता है। वे न केवल एक सफल उद्योगपति हैं, बल्कि समाज सेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित और नयी पीढी केलिए एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। बिहार की माटी में पले-बढ़े, श्री सिन्हा ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उनका उद्देश्य है कि हर हाथ में रोजगार, हर बच्चे को शिक्षा, और हर परिवार को सम्मान दिला कर आत्मनिर्भर बिहार बनाना है। वे बिहार के नायक काशीचक प्रखंड के भट्ठा गांव में जन्मे स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता पिता स्व. शशिकांत महतो और दादा स्व. बिंदा महतो के विचारों से प्रभावित हैं और बचपन से ही शिक्षा, गरीबी, और बेरोजगारी के समाधान पर विचार करते रहे हैं। दिल्ली से कैरियर की शुरुआत की। पढ़ाई के दौरान एचआर जॉब कंसल्टेंसी की शुरुआत की। हजारों युवाओं को प्राइवेट और मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी दिलाई। यहीं से समाज सेवा की यात्रा ने रफ्तार पकड़ी।

गुजरात के बड़ोदरा को अपनी पहला कर्मभूमि बनाया। जहां से आईटी सेक्टर में अपनी सुक्ष्म सूझ और अद्भुत प्रतिभा कौशल से देश-दुनिया में बिहार का नाम रोशन किया। इन सफलताओं के बीच समाज के प्रति जिम्मेदारी को उन्होंने हमेशा प्राथमिकता दी। समाज के गरीब बच्चों को गोद लेकर उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाई। दिल्ली और कोटा जैसे शहरों में उन्हें यूपीएससी, आईआईटख, और नीट आदि परिक्षाओं की तैयारी करवाई और वे बच्चे आज डॉक्टर, इंजीनियर, और प्रशासनिक अधिकारी बनकर नई पीढी को प्रेरणा दे रहे हैं। श्री सिन्हा ने गरीब छात्रों के लिए विशेष छात्रावास और धर्मशालाओं का निर्माण भी करवाया है। सम्राट अशोक और चंद्रगुप्त मौर्य के वंशज कुशवाहा समुदाय से आने वाले श्री निशिकांत का मानना है कि विकास में जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी मिलनी ही चाहिए। इसी लिए वे बिहार को आत्मनिर्भर राज्य बनाने और सबको उसके हिस्से की भागीदारी दिलाने केलिए जगाने की कोशिश कर रहे हैं।

इसी क्रम में उन्होंने हर जिले में जन आशीर्वाद संवाद सभा की शुरुआत की है और इस बदलाव के अभियान का शंखनाद वे 22 दिसंबर 2024 रविवार को सुबह ग्यारह बजे से पटेल मैदान समस्तीपुर से करेंगे। इसके बाद 24 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से कोशी कॉलेज मैदान खगडिया में जन संवाद सभा करेंगे। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, स्वावलंबी समाज और आत्मनिर्भर राज्य के विकास की नई शुरुआत है। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, समाज के अधिकारों और बदलाव की शुरुआत है। इस आयोजन की सफलता में आप सभी मीडिया के साथियों का सहयोग अपेक्षित है। मोके पर सुरज कुशवाहा अध्यक्ष सह समाजसेवी, अखिलेश कुमार, राकेश सिंह कुशवाहा टीम निशिकांत सिन्हा, मुकेश कुमार सिंह, मुकेश कुशवाहा मौजूद थे।

### अन्तर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस पर चर्चा आयोजित



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** जिले के रा उ म विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ, पूसा, समस्तीपुर में शुक्रवार को चेतना सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस पर चर्चा किया गया। एकता ही बल है। गरीबी उन्मूलन, शिक्षा,समझ और सम्मान वृद्धि और समस्याओं के हल करने में एकजुटता के महत्व को बताया गया। एक मॉकड्रील कराकर मिलजुल कर रहने का संदेश दिया गया।

## हर घर जन सुराज अभियान के तहत एकमा प्रखंड जन सुराज कार्यवाहक समिति की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज




- प्रखंड जन सुराज कार्यवाहक समिति की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड में ₹हर घर जन सुराज अभियान₹ के तहत एकमा प्रखंड जन सुराज कार्यवाहक समिति की बैठक शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जन सुराज के जिलाध्यक्ष बच्चा राय के द्वारा कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा को विस्तार पूर्वक बताते हुए आगामी तीन माह में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कहा गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने घर पर जन सुराज का झंडा व प्रशांत किशोर जी का स्टीकर लगाने की बात कही।

बैठक में जन सुराज के एकमा विधानसभा क्षेत्र के नेता व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी मार्च माह तक बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रखंड कार्यालय में जन सुराज के पदाधिकारियों को नियमित बैठ कर आम जनता से मिलने व उनकी समस्याएं सुन कर निराकरण कराने पर सहमति बनी। वहीं प्रखंड क्षेत्र में वाल स्टिकर लगाने के लिए जगहों को चिन्हित करने को कहा गया।

बैठक में जन सुराज के जिलाध्यक्ष बच्चा राय, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि व जन सुराजी नेता बच्चा सिंह, प्रखंड अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ओम प्रकाश सिंह, रामनाथ मांझी, राजेश कुमार पांडेय, बबन गिरि, सरपंच राजेश कुमार, पूर्व मुखिया परमेश्वर प्रसाद, रामजी सिंह, विनोद कुमार शर्मा, मोहम्मद मुर्तजा, फिरोज मियां, रूस्तम आलम, विवेक पटेल, नवल किशोर श्रीवास्तव, प्रभुनाथ यादव, धर्मेंद्र यादव, बृजमोहन साह, लक्ष्मीकांत प्रसाद, अमितेश कुमार साह सहित अन्य जन सुराज कार्यकर्ता शामिल थे।

## साईंनाथ नगर सहौरा में महर्षी संतसेवी जी महाराज की धूमधाम से श्रद्धालुओं ने मनाई जयंती समारोह





लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** शुक्रवार को अनुमंडल अंतर्गत सुप्रसिद्ध साईंनाथ दरबार में श्रद्धालुओं ने धूमधाम से संतमंत के ब्रहमलीन संतसेवी जी महाराज के 150 वीं जंयती सत्संग प्रेमी ने साईंनगर सहौरा में धुमधाम से मनाया इस दौरान उनके तश्वीर पर पुष्प अर्पित किया संतमंत के प्रचार मंत्री लडडू बाबा संतसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा की सत्संग का अर्थ है सत्य के साथ जुड़ना। जो सत्य के साथ जुड़ गया है, वह असत्य से दूर हो जाता है सत्संग सुनने से मानव का कल्याण होता है।

वहीं श्री सद्गुरू साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने कहा कि जिस प्रकार खेत की बाड़ की जाती हैं उसी प्रकार यह सत्संग बाड़ की तरह काम करता है। जिसमें आने के बाद काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार आदि विकार अंदर प्रवेश नहीं करते। सत्संग में शील, संतोष, वैराग्य और ज्ञान रूपी फसल पैदा होती हैं। जिसका लाभ हम स्वयं तो उठाते ही हैं और बाकी सारा संसार उस फल का पान करके फलीभूत होता है। सुख समृद्धि व शांति स्थापित होती हैं। जहां इन का अभाव होता है वहां पर दंगा फसाद होता है। श्रद्धालुओं ने संतमंत के रशपान किया व सैकड़ो की संख्या में महाप्रसाद रहण किया इस दौरान श्री सद्गुरू साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव, कोषाअध्यक्ष सुरेश प्रसाद, शशिप्रसाद ,मनीषा साई.,अमीषा ,गौरव जनार्दन बाबा उमेश आदि सक्रिय रहे।

## अभियुक्त को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज
दिलीपकुमार ठाकुर

**खानपुर/समस्तीपुर।** खानपुर थाना पुलिस द्वारा खानपुर थाना कांड संख्या 288/24 के अभियुक्त भोला कुमार उम्र 16 वर्ष पेसर डाक बाबू राय साकिन समना थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को एक बड़ा बिजली का मोटर बरामद करते हुए गिरफ्त मे ले माननीय न्यायालय मे उपस्थापन वास्ते उचितमार्गरक्षण मे भेजा गया। पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने क़ी है।

## एनएच 31 के बगरी पर अज्ञात वृद्ध का शव बरामद खबर लिखने तक शव की नहीं हो सकी है पहचान

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे झंडापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात एनएच सर्विस रोड पर एक वृद्ध का शव झंडापर पुलिस ने बरामद किया है।सफेद दाढ़ी मूंछ खादी कुर्ता उजला धोती में वृद्ध की उम्र करीब 70 वर्ष है।स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि वृद्ध ख़रीक तरफ से बिहपुर की ओर पैदल जा रहा था।

बगरी सर्विस रोड पर अचानक सड़क किनारे बेरिकेटिंग के समीप वह बैठा।वही अगले कुछ ही पल में वृद्ध बैठे-बैठे लुढ़क गया।स्थानीय दुकानदारों ने समीप जाकर देखा तो वृद्ध की मौत हो चुकी थी। शव होने की सूचना मिलते ही झंडापुर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर शोशल साइट व अन्य माध्यम से शिनाख्त का प्रयास किया गया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई थी। झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में कराया गया।शव की पहचान नही हुई है। शिनाख्त के लिए शव निश्चित समय तक सुरक्षित रहेगा।

### झंडापुर पुलिस की दबंगई आई सामने

बिहपुर पुलिस जिला के झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार का थाना क्षेत्र में की गई दबंगई सामने आया है. दरअसल एक ट्रैक्टर चालक ने आरोप लगाया है कि मैं खगड़िया के मानसी की ओर से आ रहा था और नवगछिया होते हुए चौसा अपने घर की ओर जा रहा था इसी दौरान झंडापुर थाना पुलिस गश्ती गाड़ी के द्वारा मुझे रोक कर गाड़ी के कागजात दिखाने को कहा गया .जब मैंने कहा कि कागजात मेरे पास सभी है लेकिन घर पर छूट गए हैं जिनको मैं अपने मोबाईल पर मंगाकर आपको दिखा देता हूं.इस पर थानाध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि ठीक है लेकिन यहां पर एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला है जिसको तुम लोड करके नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम करने के लिए लेकर चलो मैं जब अस्पताल डेड बॉडी को लाया और फिर वहां से अस्पताल तक लाने का किराया मांगने लगा तो किराया की बात पर थानाध्यक्ष ने कहा कि निकलते हो कि नहीं, नहीं तो तुम्हारा 5 हजार रुपये का चालान काट देंगे. पूरे मामले को लेकर जब झंडापुर थानादध्यक्ष विश्वबंधु कुमार ने कहा की अगर ट्रैक्टर चालक ने बयान दिया है तो खबर छाप दीजिए मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है. जिसको लेकर नवगछिया एसपी पुरन कुमार झा से जब हमने बात किया तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी.

## बिहपुर भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया गया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज




मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** शुक्रवार को एनडीए कार्यालय बिहपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह आयोजित कर बिहपुर विस के सभी छह नवमनोनीत भाजपा मंडल अध्यक्षों का गर्मजोशी के साथ स्वागत व अभिनंदन किया।जिसका संचालन जिला प्रवक्ता प्रो.गौतम ने किया।इस मौके पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सभी मंडल अध्यक्षों को अंगवस्त्र भेंटकर व मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया।बता दें कि नए मनोनीत मंडल अध्यक्षों में बिहपुर मंडल मुख्यालय अध्यक्ष दिलीप मेहता जबकि उत्तरी मंडल अध्यक्ष हुए।

इसी तरह नारायणपुर मंडल में उत्तरी मंडल अध्यक्ष ब्रजेश नागर व यहां मुख्यालय मंडल अध्यक्ष रंजीत गुप्ता हुए।इसी तरह खरीक दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बाल्मिकी मंडल हुए।जबकि मुख्यालय मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह हुए।

मंडल अध्यक्षो ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर पार्टी के अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने की बात कही।इस मौके पर प्रभुनंदन चौधरी, अपूर्व रंजन, विजय पासवान, संजय राय, अजय उर्फ माटो, लालमोहन, सदानंद व सिटू मंडल आदि समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्सकर्ताओं की उपस्थिति थी।बता दें कि बढ़ रही आबादी के साथ वोटरों को देखेत हुए भाजपा ने परिसीमन कर व संगठन विस्तार किया है।अब बिहपुर विस के तीनो मंडल में अब होगें दो-दो अध्यक्ष होगें।जिस कड़ी में जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद व बिहपुर विधायक ई.शैलेंद्र ने कहा कि पार्टी ने 40 से अधिक बूथों वाले मंडल को दो भाग में बांटा है।

वहीं शुक्रवार को एनडीए कार्यालय बिहपुर में नारायणपुर मंडल के नगरपाड़ा एवं भवानीपुर शक्तिकेंद्र के बूथ अध्यक्षों व सदस्यों का प्रशिक्षण व सम्मान हुआ।जिन्हे प्रशिक्षण जिला प्रवक्ता प्रो.गौतम ने दिया।

## अशोक अंबेडकर की अचानक मौत से प्रखंड में मातम का माहौल

लोकतंत्र की आवाज



- सामाजिक कार्यकर्ता थे अशोक अंबेडकर : गौतम कुमार प्रीतम

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर क्षेत्र के सोनवर्षा निवासी बहुजन आंदोलन के मजबूत कार्यकर्ता अशोक अंबेडकर की मौत पर सामाजिक न्याय आंदोलन( बिहार ) के गौतम कुमार प्रीतम, राजेश पंडित, पृथ्वी शर्मा, गौरव पासवान, नसीब रविदास और बहुजन स्टूडेंट्स युनियन( बिहार ) के अनुपम आशीष, सोहराब अली शाह, जिला परिषद सदस्य मोइन राईन, बहुजन समाज के अखिलेश रमण, रवीन्द्र कुमार दास, दीपक दीवान, विद्यानंद सागर, समरजीत कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता रवीन्द्र सिंह, विनोद सिंह निषाद सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

गौतम कुमार प्रीतम ने बताया कि अशोक अंबेडकर जीवन पर्यंत फुले-अंबेडकर के विचारों को समाज में फैलाने के साथ शोषितों-वंचितों के सम्मान, हिस्सेदारी व बराबरी के संघर्ष में अगुआ भूमिका अदा करते रहे. उनके असामयिक निधन से बिहपुर क्षेत्र में बहुजन आंदोलन को गहरा धक्का लगा है।इनकी उम्र लगभग 60 वर्ष था। अशोक अंबेडकर सामाजिक न्याय आंदोलन( बिहार ) की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य भी थेआज उनको जय भीम के नारों व अशोक अंबेडकर अमर रहे के नारों के साथ सैकड़ों लोगों ने अंतिम विदाई दी।अशोक अंबेडकर के परिवार में तीन पुत्र व एक पुत्री है. ये सभी सोनु कुमार, मोनी कुमारी, राहुल कुमार, हंसराज अंबेडकर दामाद चंदन दास सभी अंतिम संस्कार में शामिल थे।बड़े पुत्र सोनु कुमार ने अग्नि दी।मौके पर मौजूद थे- सिकंदर दास, शंकर दास, नसीब रविदास, प्रकाश अंबेडकर, विकास दास, शैलेश दास, गंगाराम दास, भीखन दास, लगीन दास, छंगूरी दास सहित सैंकड़ो लोग।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



क्षितिज राज
बगहा।चौतरवा पुलिस ने शुक्रवार को आर्म एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया हैं।चौतरवा थाने के अपर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं एस आई विनय कृष्ण व पुलिस बलों ने गाजे बाजे के साथ कोलहुआ गांव में रजू सिद्ध व फैयाज शाह के घर पर इश्तेहार चिपकाया हैं। अपर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि रजू सिद्ध चौतरवा थाना कांड संख्या – 18/ 24,धारा – 326/307/109/34 दुसरा फैयाज शाह चौतरवा थाना कांड संख्या 19/24, धारा– 324, 308,34,स्त्रू 27 आर्म एक्ट का प्राथमिकी अभियुक्त है। गिरफ्तारी की डर से अभियुक्त भागे फिर रहा है।इनके विरुद्ध पूर्व में बगहा न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया है। उक्त अभियुक्त के घर पर कई बार छापामारी की गयी, परंतु वह भागे फिर रहा है।यदि वह एक महीना के अंदर अपने आपको सरेंडर नहीं करता हैं तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

### आग लगने से घर में रखा सामान जलकर राख



मधुबनी से सूरज यादव
पिपरासीः प्रखंड के डुमरी भगड़वा पंचायत स्थित लक्षनही गांव में बुधवार की देर रात एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। जिससे ढाई लाख रुपये व आभूषण जल गए। जागरण पंचायत क्लब के अध्यक्ष उदय चंद यादव, समाजसेवी गोलू पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि लक्षनही गांव निवासी किसान शकूर मियां के घर में लगी आग से काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। अगले महीने उनके घर शहनाई बजने वाली थी। उनके पुत्र साबिर हुसैन की शादी कुशीनगर जनपद के रउजा गांव में तय है। शादी की तैयारी के लिए ढाई लाख रुपये अपने घर में रखे थे। मकान बनाना चाहते थे। घर गांव से कुछ दूर एक सरेह में है। में कयास लगाया जा रहा है कि रंजिश वश किसी ने आग लगा दिया है।

### मोतिहारीः आदापुर पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली कस्तूरी शराब किया बरामद, तस्कर गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
मोतिहारीःएसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर आदापुर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी चला रही है। थानाध्यक्ष के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर दो जगहों पर छापेमारी किया गया। जिसमें सिरसियाकला स्थित भोला मियां के चिमनी के पास से 03 अभियुक्त सुरेश साह पिता रामचंद्र साह साकिन श्यामपुर,भीम पटेल पिता रामपति पटेल और छट्ठू कुमार पिता श्यामसुंदर साह दोनों साकिन बेलवा थाना हरपुर को 35 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ और श्यामपुर बाज़ार में पासी टोला से 840 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद किया गया है। पुलिस नें हजारी कुमार पिता संजय प्रसाद केसरी साकिन जमुनभर को गिरफ्तार किया गया है।

### मुजफ्फरपुर में अपराधियो के पर चला रहा बुलडोज़र

दीपक कुमार
मुजफ्फरपुर । बिहार में नए डीजीपी के आते ही पुलिस ने अपराधियों पर एक्शन दिखाना शुरू कर दिया है। पुलिस मुख्यालय से गाइडलाइन आने के बाद अब मुजफ्फरपुर जिले में पुलिस ने विभिन्न कांडो में फरार चल रहे विभिन्न आरोपियों के घर विधिवत कुर्की जप्ती की प्रक्रिया कर रही है.इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई। इससे साफ जाहिर है कि अब बिहार में पुलिस का खौफ शुरू हो गया है या तो अपराधी खुद से सेरेन्डर करे नहीं होने पर पुलिस ने ये कारवाई की हैं।

# कुख्यात शुभंकर झा गिरफ्तार, आधा दर्जन मामलों में चल रहा था फरार बोकारो पुलिस किया गिरफ्तार

**आधा दर्जन संगीन मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी शुभंकर झा की गिरफ्तारी**




**लोकतंत्र कि आवाज**

**मुरारी झा**
**घनश्यामपुर** । झारखंड बालीडीह पुलिस ने घनश्यामपुर थाना के सहयोग से शुक्रवार को गनौन गांव से कुख्यात अपराधी शुभंकर झा को गिरफ्तार कर लिया। आधा दर्जन संगीन मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी शुभंकर झा की गिरफ्तारी पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। दरभंगा जिला के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के गनौन गांव निवासी जगरनाथ झा के पुत्र शुभंकर झा झारखंड राज्य के बोकारो जिला के बालीडीह थाना में दो कांडों में नामजद है। जिसमें न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। शुभंकर झा के गिरफ्तारी को लेकर बालीडीह थाना पुलिस पूर्व से ही जाल बिछाती रही है। कई बार छापेमारी भी की गई, लेकिन पुलिस उसे पकड़ नही पाती है। इसी दौरान शुक्रवार को बिहार के दरभंगा जिला स्थित घनश्यामपुर पुलिस के सहयोग से शुभंकर झा को गनौन गांव से गिरफ्तार किया गया है।बालीडीह थाना से आए एसआई जितेंद्र कुमार यादव ने घनश्यामपुर थाना के थानाध्यक्ष अजीत कुमार से इस कुख्यात की गिरफ्तारी के लिए सहयोग मांगा था। छापेमारी दल में घनश्यामपुर थानाध्यक्ष अजित कुमार, बालीडीह थाना पुलिस के एसआई जितेंद्र कुमार यादव, एसआई श्याम बिहारी सिंह, एएसआई महेश कुमार शामिल थे ।थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शुभंकर झा के उपर दरभंगा नगर निगम थाना में डकैती कांड, वही घनश्यामपुर थाना में लुटपाट कांड दर्ज है। इसके साथ ही कई अलग अलग थाने में संगीन मामलों में शुभंकर झा वांछित हैं। कुख्यात शुभंकर झा को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। कागजी प्रक्रिया पूरा होने के बाद बालीडीह पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

## प्रधानाध्यापक ने बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन , खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

बगहा भैरोगंज बाजार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह अपने अपना जन्म दिवस बच्चों के बीच मनाया । उन्होंने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच चॉकलेट और मिठाईया वितरित की , अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह ने बताया कि खेलकूद बच्चों को सक्रिय और स्वस्थ रखने का एक शानदार तरीका है, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई से दूर रहना पड़ता है। इसके अलावा, शारीरिक गतिविधि चिकित्सकीय रूप से संज्ञानात्मक और स्मृति कार्यों को बढ़ाने के लिए सिद्ध हुई है, जो बच्चों को स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद कर सकती है। वही खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान अच्छा करने वाले बच्चों को भी विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा मौके पर विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार, अविनाश कुमार पांडे, सुशील कुमार, सुधाकर कुमार शुक्ला, उमेश कुमार, कौशल कुमार, श्याम कुमार, सलोनी कुमारी, खुशबु कुमारी, रोशनी कुमारी, बबीता कुमारी, प्रीति कुमारी ,प्रिया कुमारी, नेहा कुमारी, साजदा खातून,खुशबु कुमारी आदि सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## अपहरण युवक को घनश्यामपुर पुलिस ने पश्चिम बंगाल से किया बरामद, पूछताछ में जुटी पुलिस



**लोकतंत्र कि आवाज**

**मुरारी झा**
**घनश्यामपुर** थाना क्षेत्र के वाईस लगमा गांव से नाबालिक युवक दिलखुश सदा का अपहरण कर लिया गया था। अपहरण युवक के माता जीवछी देवी अपने पुत्र को अपहरण को लेकर घनश्यामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है । अपहरण के बाद दिलखुश सदा ने बहेरा थाना क्षेत्र के महिनाम पोहदी गांव निवासी संतोष साहनी के मोबाइल से अपने घर बात किया करता था। जिसके लोकेशन के आधार पर घनश्यामपुर पुलिस ने पश्चिम बंगाल के मालदह जिला के हरिचंद्र पुर से अपहरण युवक को घनश्यामपुर पुलिस बरामद कर थाना ले आए। जिससे पूछताछ किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बहेड़ा थाना क्षेत्र के महिनाम पोहदी गांव निवासी संतोष सहनी के साथ मजदूरी करने युवक पश्चिम बंगाल गया था।इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया है कि अपहरण युवक के माता जीवछी देवी के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी इसी के आलोक में घनश्यामपुर पुलिस ने अपहरण युवक को पश्चिम बंगाल से बरामद किया है।।

## 16 वर्ष बाद घर लौटे युवक को देख माता–पिता खुश

**लोकतंत्र की आवाज**



**मधुबनी से सूरज यादव**
**पिपरासी** स्थानीय प्रखंड स्थित पिपरासी पंचायत के परसौनी गांव में बुधवार की देर शाम 16 वर्ष बाद गांव पहुंचे युवक को देख उसके माता पिता के आंखों से खुशी के आंसू बहने लगे. वहीं युवक को देखने के लिए पंचायत के मुखिया राजकुमार साहनी, बीडीसी नीरज शर्मा के साथ अन्य ग्रामीण पहुंचे. इस संबंध में जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों ने बताया कि युवक मनीष गिरी आठ वर्ष के उम्र में 2008 में घर से नाराज होकर भाग गया था. उसके जाने के बाद उसकी माता नीतू देवी और पिता उमेश गिरी काफी खोजबीन किए, लेकिन वह नहीं मिला. थक हार कर परिजनों को यह लगा की शायद उसकी मृत्यु कही हो गयी हो. वहीं युवक ने बताया कि घर से नाराज हो कर वह ट्रेन से किसी तरह बैंगलोर चला गया, वहां पर वह इधर–उधर घूमते हुए किसी तरह पेट भरता था. वह बाद में बिल्डिंग करने वालों के साथ लेबर का काम करते–करते विल्डिंग का मिस्त्री हो गया. उसे केवल अपने पंचायत और पिता का नाम याद था. लेकिन वह कैसे घर जाए, किस जिला में घर है यह सब मालूम नहीं था. इसी तरह एक माह पूर्व वह अपने फेसबुक के माध्यम से अपने पंचायत के मुखिया और बीडीसी को देखा. इससे वह सर्च किया तो अंदेशा हुआ कि शायद यही मेरे गांव के हो सकते है. इस पर उसने फेसबुक के माध्यम से अपने यहां के जनप्रतिनिधियों का नंबर लेकर अपने पिता के बारे में जानकारी लिया ।

## बरनवाल युवा मंच के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया

**लोकतंत्र की आवाज**



**क्षितिज राज**
**नरकटियागंज।** शहर के आर्य समाज चौक अवस्थित बरनवाल युवा मंच के कार्यालय में बैठक हुई अध्यक्षता रंजीत प्रसाद बरनवाल ने की बैठक में रंजीत ने बताया कि बरनवाल समाज के आदिपुरुष महाराजा अहिबरन की जयंती 22 दिसंबर को नगर के गोपाला ब्रह्म स्थान में धूमधाम से मनाई जाएगी, साथ ही सुबह में भव्य झांकी निकाली जाएगी झांकी के दौरान बरनवाल समुदाय के नन्हें– मुन्हें बच्चे द्वारा झांसी की रानी, भारत माता, राधा कृष्ण के चित्रण का प्रदर्शन किया जाएगा वही, सचिव आशीष बरनवाल ने बताया कि महाराज अहिबरन की पूजा व झंडोतोलन होगा महिलाओं व बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, कुर्सी दौड़, डांस, पर्ची पढ़कर बोलो जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति की जाएगी उद्घाटन सत्र में अतिथि सम्मान, पुरस्कार वितरण, राजनैतिक चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दुबे होंगे, साथ ही डीडीसी सुमित बरनवाल, डीएफओ पीयूष बरनवाल सभापति रीना देवी, उपसभापति पूनम देवी के साथ अन्य मौजूद रहेंगे बैठक के दौरान बरनवाल युवा मंच के कोषाध्यक्ष राजू बरनवाल, संरक्षक मनोज बरनवाल, राजेश बरनवाल, आलोक बरनवाल, नवीन बरनवाल, राजन कुमार, अनुराग बरनवाल के साथ अन्य मौजूदे ।

## शिक्षक बनना गर्व की बात है –पं–भरत उपाध्याय

**लोकतंत्र की आवाज**



**क्षितिज राज**
**मधुबनी,** राजकीय कृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पं०भरत उपाध्याय ने अपने कालेज के विद्वान शिक्षक पं०रामवचन त्रिपाठी के यशस्वी पुत्र विजय कृष्ण त्रिपाठी के हाईस्कूल में अध्यापक के पद पर चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाढ़ें पुत्र पिता के धर्मे, खेती उपजे अपने कर्मे। विजय कृष्ण ने अपने इस उपलब्धि से हम शिक्षकों सहित विद्यालय का मान बढ़ाया है। इसअवसर अंतर्राष्ट्रीय विद्वान आचार्य प्रभाकर शुक्ल ने कहा कि जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए सबसे पहले आवश्यक है कि आप अपनी सोच सकारात्मक रखें ।अपने मन पर कोई पाबंदी न लगने दें।स्वयं का मूल्यांकन करके यह जानने का प्रयास करें कि वह कौन सी चीज है जो चेहरे पर एक बहुत प्यारी सी मुस्कान लाकर आत्म संतुष्टि प्रदान करती है ।जीवन का लक्ष्य अगर सामने हो तो मेहनत करना अच्छा भी लगता है, आसान भी होता है और हम इसमें काफी हद तक सफल भी हो जाते हैं ।लक्ष्य निर्धारण के पश्चात हमें मेहनत करना एक सही दिशा ज्ञात होता है ।मानव जीवन में समाज को हम सभी से अपेक्षा रहती है, माता–पिता ,गुरु ,परिवार व समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए उचित लक्ष्य का निर्धारण आवश्यक है। बताते चलें, पंडित रामवचन जी संस्कृत के विद्वान शिक्षक ?रहे हैं। उन्होंने अपने सभी बच्चों को पढ़ा लिखाकर मेधावी बनाया। यह गर्व की बात है।

# मुजफ्फरपुर : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत अंचलवार सीओ एवं आरओ के साथ समीक्षा बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**



**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत दाखिल खारिज, परिमार्जन, अभियान बसेरा की प्रगति की अंचलवार सीओ एवं आरओ के साथ समीक्षा बैठक की तथा पूर्वी एवं पश्चिमी के अनुमंडल पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग कर निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीएम की सीओ, आरओ के साथ नियमित साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं लगातार मॉनिटरिंग के कारण म्यूटेशन मामलों में 156% का डिस्पोजल नवंबर में 245% का हुआ डिस्पोजल वर्ष 2024 के फरवरी माह से नवंबर माह तक कुल 66725 आवेदन प्राप्त हुए तथा 104446 आवेदन का निष्पादन किया गया जो 156.33% है।नवंबर माह में प्राप्त आवेदन 3618 तथा निष्पादन 8859 रहा । नवंबर में डिसपोजल का प्रतिशत 244.86% है। दाखिल खारिज एवं परिमार्जन के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब नियमानुकूल निष्पादन करने के निमित्त जिलाधिकारी स्तर से सभी सीओ/आर ओ/डीसीएलआर/एडीएम राजस्व की साप्ताहिक बैठक एवं एसडीओ, डीसीएलआर को सक्रिय एवं तत्पर करने के कारण म्यूटेशन मामलों के निष्पादन में अच्छी प्रगति आई है। सभी सीओ, आरओ के कार्य की प्रगति की वन वाई वन हुई समीक्षा दोनों एसडीओ एवं डीसीएलआर को मिला टास्क अंचलवार समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कांटी एवं कुढ़नी में म्यूटेशन के अधिक मामले लंबित हैं। अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी को कांटी में कैंप कर गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक से कांटी के राजस्व पदाधिकारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए जिसके कारण राजस्व पदाधिकारी कांटी को स्पष्टीकरण करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिसूचित सीओ कांटी से भी स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने म्यूटेशन मामलों में की गई नोटिस, तथा किये गये निष्पादन का संख्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कुढ़नी आरओ से भी स्पष्टीकरण करने को कहा। प्रायरिटी बेसिस पर डेली मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग का निर्देश राजस्व शाखा प्रभारी को प्रत्येक अंचल से प्रतिदिन प्रगति से संबंधित विहित प्रपत्र में विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसमें कुल लंबित मामले, निष्पादित मामलों की संख्या, शेष मामले तथा निष्पादित में स्वीकृत /अस्वीकृत की स्थिति का उल्लेख कर डेली रिपोर्ट लेने तथा समेकित कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। 26 जनवरी को पारू सीओ होंगे सम्मानित पारू अंचलाधिकारी मरवन के भी चार्ज में है। अंचल के कार्यों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन को देखते हुए इन्हें 26 जनवरी के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का निर्देश दिया ताकि अन्य अंचलाधिकारी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणा श्रोत हों। परिमार्जन में 90%डिस्पोजल के साथ पारू नंबर वन पर परिमार्जन मामलों की अंचलवार निष्पादन की स्थिति की समीक्षा में पाया गया कि कांटी 64% , मीनापुर 34%, सकरा 43%, सरैया 44% , मुसहरी 45%, कटरा 45% ,मोतीपुर 46% , बंदरा 46%, औराई 46% , बोचहा 46.81% , पारु 90% निष्पादन है। जिलाधिकारी ने पूर्वी पश्चिमी के एसडीओ/ डीसीएलआर को मॉनिटर कर सुधार लाने का निर्देश दिया। ? मंडे को हरेक अंचल में लगेंगे विशेष कैंप, 85%से अधिक मामलों के निष्पादन का निर्देश समीक्षा के क्रम में पाया गया 75 दिनों से लंबित म्यूटेशन के 13711 मामले हैं तथा परिमार्जन के रिवर्ट केसेज के 19281 मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जतायी तथा सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को कैंप मोड में सभी लंबित मामलों के निष्पादन का सख्त निर्देश दिया। पूर्वी एवं पश्चिमी के एसडीओ एवं डीसीएलआर को मॉनिटर कर सुधार लाने का निर्देश दिया। इस कार्य में कोताही एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी सीओ/आरओ को मुख्यालय में बने रहने का सख्त निर्देश मा.मुख्यमंत्री की यात्रा के दृष्टिगत अधिकारियों/ कर्मियों का छुट्टी हुआ रद्द। विशेष स्थिति में डीएम से अनुमति लेकर ही जायेंगे छुट्टी पर सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को जवाबदेही से म्यूटेशन ,परिमार्जन तथा भूमिहीनों को पर्चा मामले को टारगेट कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। लोक शिकायत की सुनवाई में लोक प्राधिकार स्वयं अथवा जानकार प्रतिनिधि को सुनवाई में भेजें ताकि केस का क्वालिटी डिस्पोजल हो। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री श्रेष्ठ अनुपम, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी सुश्री श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी श्री अमित कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी अंचलाधिकारी राजस्व अधिकारी संबद्ध थे।\

## संक्षिप्त खबरें ।

### लोगों ने सरकारी पंचायत भवन में ही कचहरी लगाने की मांग की।



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती प्रखंड के पंचायत के न्यायाधीश सचिव श्रीमतपुर गोपाली चक के न्याय सहित, पंचों ने पंचायत सरकारी भवन में ही कचहरी लगाने की मांग की। इसको लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि सभी पंच ,उप सरपंच, न्याय सचिव, और न्याय मित्र गोपाली चक पंचायत सरकार भवन में कचहरी लगाते हैं। लेकिन सरपंच के पति मनमाने ढंग से मौल टोला में कचहरी लगाते हैं। पंचों ने पंचायती राज पदाधिकारी से जांच कर पंचायत सरकार भवन में ही कचहरी लगाने की मांग की।

### शेखपुरा में डीएम का जनता दरबार ,फरियादियों के लिए हो रहा है,वरदान साबित,सुलभ तरीके से मिल रहा है न्याय।

शेखपुरा में जिलाधिकारी आरिफ अहसन के जनता दरबार में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। दरबार में आए लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को डीएम के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करेगा और जो भी शिकायतें लंबित हैं, उन्हें शीघ्र निपटाया जाएगा। इस दौरान कई फरियादियों ने भूमि विवाद, रोजगार, सरकारी योजनाओं के लाभ, और प्रशासनिक लापरवाही से संबंधित शिकायतें उठाईं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन मुद्दों पर तुरंत कार्यवाही करें और संबंधित विभागों से रिपोर्ट लेकर जल्द समाधान करें। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि उनका त्वरित समाधान हो सके। इस कदम से प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद और विश्वास बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### एमडी ने की पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां।पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कॉपरेटिव बैंक परिसर में शुक्रवार को प्रखण्ड के विभिन्न पैक्स अध्यक्षों के साथ जिला कॉपरेटिव बैंक नवादा के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार ने बैठक की। बैठक में पैक्स अध्यक्षों को कहा गया कि किसानों का खाता कॉपरेटिव बैंक में खुलवाए। धान अधिप्राप्ति की राशि कॉपरेटिव बैंक के माध्यम से ही किसानों को मिले इस पर जोर दिया गया। नए किसानों का केसीसी किए जाने पर चर्चा की गई। पैक्स अध्यक्षों ने प्रस्ताव रखा कि पैक्स के माध्यम से ही किसानों के नाम का केसीसी के लिया दिया जाए ताकि बैंक द्वारा किसानों को दी गई राशि भविष्य में आसानी से वसूल किया जा सके। पैक्स को कहा गया कि वे 1000 एमटी का गोदाम बना सकते हैं। पैक्सों को तेजी से धान क्रय करने को कहा गया। इसके लिए किसानों से संपर्क करने को कहा गया। जिला कॉपरेटिव बैंक के निदेशक डॉ. प्रेमजीत कुमार विपिन ने किसानों के हितों से जुड़े कई प्रस्ताव दिए। दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने भी कई सुझाव दिए। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष धर्मचन्द प्रसाद, राजेन्द्र कुमार, सुबोध कुमार विश्वकर्मा, रंजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### लोगों ने सरकारी पंचायत भवन में ही कचहरी लगाने की मांग की

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती प्रखंड के पंचायत के न्यायाधीश सचिव श्रीमतपुर गोपाली चक के न्याय सहित, पंचों ने पंचायत सरकारी भवन में ही कचहरी लगाने की मांग की। इसको लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि सभी पंच ,उप सरपंच, न्याय सचिव, और न्याय मित्र गोपाली चक पंचायत सरकार भवन में कचहरी लगाते हैं। लेकिन सरपंच के पति मनमाने ढंग से मौल टोला में कचहरी लगाते हैं। पंचों ने पंचायती राज पदाधिकारी से जांच कर पंचायत सरकार भवन में ही कचहरी लगाने की मांग की।

# छपरा : भिखारी ठाकुर जयंती पर इप्टा ने किया जातीय विद्वेष व युद्ध की वीभिषिका के खिलाफ नाटक 'रश्मिरथी' का सफल मंचन

## पार्श्व संगीत, साउण्ड व प्रकाश के अद्भुत संयोजन ने नाटक को यादगार बनाया

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (के के सिंह सेंगर/संजय पांडेय)।** भिखारी ठाकुर जयंती पर शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में इप्टा, छपरा द्वारा जातीय विद्वेष और युद्ध की वीभिषिका के खिलाफ रामधारी सिंह 'दिनकर' की कालजयी रचना 'रश्मिरथी' नाटक की प्रस्तुति जिला प्रशासन, भिखारी ठाकुर लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव, पाटलिपुत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस, बिहार नाई समाज और इप्टा, छपरा के सौजन्य से की गई। 'रश्मिरथी' का नाट्यांतरण, निर्देशन और रंग परिकल्पना डॉ अमित रंजन ने की, तो रंग संगीत कंचन बाला और टुन्नू तनहा ने तैयार किया। नृत्य संयोजन आयुषी परासर और रुप सज्जा आदित्य और राहुल, बैक ग्राउंड संगीत टुन्नू तनहा, प्रकाश संयोजन रवि कुमार सह निर्देशन मनोरंजन पाठक और मृणाभ कुमार का है। नाटक के कथा नायक कर्ण की भूमिका मनोरंजन पाठक ने पात्र को जीवंत करते हुए बेहतरीन अभिनय किया तो कृष्ण की भूमिका डॉ राकेश कुमार के अद्भुत अभिनय से दर्शकों को लुभाया। परशुराम की भूमिका में वरिष्ठ रंगकर्मी और निर्देशक डॉ अमित रंजन ने श्रेष्ठता का भली भांति परिचय दिया। वहीं कुंती की भूमिका में कंचन बाला ने सूक्ष्म संवेदनशील अभिनय का नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया। इन्द्र की भूमिका में अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार शाही ने और दुर्योधन की भूमिका में पंकज कुमार ने कमाल का अभिनय पेश किया। अर्जुन की भूमिका में मृणाभ कुमार ने जीवंत अभिनय किया। भीम की भूमिका में अमितेश, कृपाचार्य की भूमिका में सागर कुमार, नटी की भूमिका में आयुषी परासर, समय की भूमिका अभिलाषा मिश्रा, कोरस की भूमिकाओं में सागर कुमार, आयुषी परासर, आशीष कुमार सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, शुभम राज सिंह, हर्षित, आदर्श और अभिनव ने अपने सधे और संतुलित अभिनय से नाटकीय कथ्य को जहां सम्प्रेषणीय बनाया वहीं भूमिकाओं के साथ भरपूर न्याय किया। 'रश्मिरथी' के जातीय विद्वेष और युद्ध की वीभिषिका के साथ साथ राजनीति, देश धर्म आदि से संबद्ध संदेश पूरी शिद्दत के साथ मंच से सम्प्रेषित हुए। मनोरंजन पाठक, पंकज कुमार, कंचन बाला, बिपिन बिहारी श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार शाही जैसे वरिष्ठ और नये तमाम कलाकारों के सम्मिलित प्रयास से महज 55 मिनट का नाटक अपनी यादगार छाप छोड़ने में सफल रहा। जिसका श्रेय कलाकारों के जीवंत सधे संतुलित अभिनय के साथ साथ रंग संगीत निर्देशक द्वय कंचन बाला और टुन्नू तनहा तथा टुन्न तनहा द्वारा तैयार साउंड ट्रैक और रवि कुमार के प्रकाश संयोजन को जाता है। संगीतबद्ध संवाद पहले से ही ट्रैक के रुप में रिकार्डेड थे। जिससे संवाद पूरी स्पष्टता के साथ सम्प्रेषित हुए। दर्शकों ने रश्मिरथी में डॉल्बी साउंड का लुत्फ उठाया।

## नवादा में हुए अलग –अलग हादसे में 05 लोगों की मौत, परिजनों में कोहराम



लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा ।** जिले में अलग–अलग स्थान पर दुर्घटना में 05 लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद मृतक की परिजनों का रो –रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार को पांचों मृतकों के शव पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया है। सभी मृतक की शव को परिवार वालो को सौंप दिया गया है। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नहर पर एक तेज रफ्तार बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दिया हैं, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भदोखर गांव के निवासी राजेंद्र रविदास के रूप में की गई है। बैंक से पैसा निकालने के लिए जा रहे थे तभी या घटना घटी है। वहीं दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की केना मोड़ के पास ट्रक और टेलर की टक्कर में ट्रेलर चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान गोविंदपुर प्रखंड कुंडभलुआ गांव के निवासी रामचंद्र राजवंशी का 21 वर्ष से पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में की गई है।प्रमोद कुमार ट्रेलर में धान लोड कर कर छपरा जा रहा था तभी यह घटना घटी है। वहीं तीसरी घटना हिसुआ प्रखंड के तिलैया स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मनमव गांव के निवासी रामबरन यादव के 44 वर्ष से पुत्र पिंटू यादव के रूप में की गई है। नवादा जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए गया था इसी दौरान ट्रेन पर चढ़ने के दौरान ट्रेन से गिर गया जिसके कारण ही उसकी मौत हो गई है। वही चौथी घटना पकरीबरावां अरसनीय के पास मैजिक गाड़ी पलटी मारने से एक मजदूर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पटना जिला के हादसा थाना क्षेत्र के अंगूटा राम टोला गांव के निवासी शंकर गोप का 50 वर्ष से पुत्र गणेश यादव के रूप में की गई है। मैजिक में भूसा लोड करके कौवाकोल मैजिक गाड़ी से जा रहा था तभी यह घटना घटी है। वहीं हिसुआ थानाक्षेत्र के बैजनाथपुर गुमटी के समीप ताड़ के पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति मौत हो गयी ,जिसके बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। मृतक का पहचान बरैठा ग्राम निवासी सुरेन्द्र चौधरी के रूप में बताया गया है। घटना उस वक्त हुआ ,जब उक्त व्यक्ति ताड़ का पेड़ काटने के लिए रस्सा बांधने ताड़ के पेड़ पर चढ़ा था। बहरहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पातल भेज दिया है।

## सिरदला: पुलिस ने बीएनएस के एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

**सिरदला ।** पुलिस ने क्षेत्र के कुशाहन पेट्रोल पंप के समीप से बीएनएस के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नवादा जिला रजौली थाना क्षेत्र के बौडी कला गांव निवासी राजू प्रसाद यादव के पुत्र 25 वर्षीय छोटू कुमार बताया गया है।जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 464/24 प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

## जगलाल चौधरी महाविद्यालय शिक्षक संघ ने किया जेपीयू स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के धरना का समर्थन काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जेपीयू प्रशासन की शिक्षक विरोधी नीतियों का जताया प्रतीकात्मक विरोध

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर)।** गुरुवार को जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा के शिक्षक संघ द्वारा जेपीयू स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के एक दिवसीय धरना का पूर्ण समर्थन करते हुए काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध किया गया। ज्ञातव्य हो कि विगत कई महीनों से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों में अक्टूबर माह का वेतन भुगतान हो चुका है। यह भी विदित हो कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों की लंबित पदोन्नति, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन का मानदेय भुगतान एवं एनपीएस की राशि का ससमय अंशदान जमा करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को नहीं किया जा रहा है और उल्टे शिक्षकों को अस्थिर व प्रताड़ित करने के उद्देश्य से मनमानी तरीके से स्थानान्तरण नीति थोपी जा रही है। जगलाल चौधरी महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉ. पवन कुमार प्रभाकर ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्थानांतरण नीति को वापस नहीं लेता है, तो इसके विरूद्ध आंदोलन और तेज किया जाएगा। साथ ही राजभवन, न्यायालय एवं शिक्षा विभाग, बिहार सरकार से सम्पर्क कर समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास करेंगे। प्रतीकात्मक विरोध में अध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार, सचिव डॉ. पवन कुमार प्रभाकर, प्रो. शिव कुमार प्रसाद, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सावन राय, अनिल कुमार, डॉ. पुष्पलता हँसडक, डॉ. संदीप कुमार यादव, डॉ. मो. जियाउल होदा अंसारी, डॉ. दिनेश पाल, डॉ. कुमारी मनीषा, डॉ. रामनाथ एवं डॉ. सूर्यदेव राम शामिल रहे।

# नवादा :अंबेडकर साहब पर टिप्पणी के खिलाफ नवादा में कांग्रेस का विरोध मार्च, अमित शाह का पुतला फूंका

लोक तंत्र की आवाज



आर्यन मोहन

**नवादा ।** बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए कथित अपमान के विरोध में शुक्रवार को नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में विरोध मार्च निकला गया और अमित शाह का पुतला दहन किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह के नेतृत्व में अमित शाह का पुतला दहन टाउन थाना नवादा के समीप जलाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी/बीजेपी के गृहमंत्री अमित शाह ने ₹अंबेडकर₹ का नाम लेने को? फैशन बताकर मज़ाक बनाया। अमित शाह ने कहा अंबेडकर का नहीं..भगवान का नाम लेना चाहिये..उससे स्वर्ग मिलता है अंबेडकर की भगवान से तुलना: करके..अम्बेडकर को भगवान से हीन, हकीर, तुच्छ,निकृष्ट कहने–बताने की ये कोशिश, बहुत ही धूर्त और शर्मनाक है। अमित शाह का इस तरह मज़ाक–मखौल उड़ानेवाले अंदाज में अम्बेडकर का नाम लेना, अंबेडकर का अपमान है। अंबेडकर का नाम लेने को फैशन बताना, अंबेडकर को मानने वालों का अपमान है। जिनके अंबेडकर मसीहा थे, उन दलितों, आदिवासियों, शोषितों, पिछड़ों का अपमान? है। धर्म को आधार बनाकर इस प्रकार का बयान देना अंबेडकरवादियों की भावना को आहत करना है। कांग्रेस पार्टी और इनके कार्यकर्ता अंबेडकर और उनके संविधान को बचाने के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। मौके पर पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंगाली पासवान, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी, काशीचक प्रखंड अध्यक्ष सकलदेव सिंह, नरहट प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्ण कुमार प्रभाकर, अक्षय कुमार उर्फ गोरे लाल सिंह, बिनोद कुमार पप्पू, मिथिलेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, विनोद कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी श्याम सुंदर प्रसाद कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार, राकेश कुमार, फकरुद्दीन अली अहमद, संजय सिंह, वारसलीगंज नगर अध्यक्ष द्रोण कुमार, कुणाल कुमार, धनंजय कुमा, प्रवीण कुमार, सुधीर कुमार, मोहम्मद इकबाल, मनोज यादव आदि लोगों उपस्थित थे।

## सीयूएसबी के शिक्षक शिक्षा विभाग में कला एवं शिल्प पर दो दिवसीय कार्यशाला ब्रुशेस एंड बियॉन्ड का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** कला हमारे रचनात्मकता को विकसित करने और बहुआयामी सोच को पंख प्रदान करती है ’ इन ज्ञानवर्धक शब्दों से मुख्य अतिथि डॉ. अजय शर्मा, सहायक प्रोफेसर, ललित कला, गया कॉलेज, गया ने शिक्षक शिक्षा विभाग, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया द्वारा कला और शिल्प पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है। ₹ब्रश एंड बियॉन्ड₹ विषय पर आयोजित कार्यशाला मे उन्होंने कला और शिल्प के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के बारे में चर्चा की और मधुबनी पेंटिंग और पटना स्कूल ऑफ आर्ट जैसे कला के विभिन्न स्कूलों पर प्रकाश डाला है।कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण मे कार्यशाला का समन्वयन सीयूएसबी, गया के शिक्षक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ स्वाति गुप्ता ने किया है।इस कार्यशाला का उद्देश्य भावी शिक्षकों बीए बी.एड. और बी.एससी बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के छात्र को कलात्मक कौशल से समृद्ध करना हैं।जन सम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि कार्यशाला की शुरुआत शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता एवं शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर रविकांत के सम्बोधन के साथ हुआ है।इस कार्यक्रम में डॉ. किशोर, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता और डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह व अन्य संकाय सदस्यों सहयोग प्राप्त हुआ है। कार्यशाला के पहले सत्र में छात्रों को छायांकन द्वारा स्थिर चित्र को यथार्थवादी कला में बदलने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया है। पहले दिन के सत्र का समापन सभी गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है।

## पकरीबरावां:डीईओ ने विद्यालयों के प्रधानों के साथ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** इंटर विद्यालय पकरीबरावां में शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि एक सफ्ताह के अंदर सभी विद्यालय 80 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों का अपार आईडी बनाने के लक्ष्य को पूरा करें। जिन विद्यालयों में बच्चों का आधार नहीं बना है, वहां के प्रधानों को जल्द ही बच्चों या उनके अभिभावकों को प्रेरित कर आधार बनवाने को कहा। अपार आईडी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, मध्य विद्यालय जिउरी के प्रधानाध्यापक मो. फोजैल रजी, मध्य विद्यालय पकरीबरावां के प्रधानाध्यापक डॉ. गुलाम दस्तगीर खान को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने फूलों की माला पहनाकर एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस बीच पकरीबरावां प्रखण्ड की स्थिति अच्छी रहने के कारण प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार एवं प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार की सराहना की गई। डीईओ ने विद्यालयों के प्रधानों को कर्तव्य बोध कराते हुए बेहतर करने की नसीहत दी। कहा कि अगर आप बच्चों को सही तरीके से पढ़ाते हैं तो यह एक पुनीत कार्य है। कहा कि सौभाग्य कि बात है कि आप सभी शिक्षक हैं। इस अवसर पर एमडीएम साधनसेवी संजय कुमार, इंटर विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर विक्रम कुमार, प्रधानाध्यापक नागेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सुमन, अजय कुमार, श्रवण कुमार, आलोक कुमार, विद्याभूषण दिनकर, रामजनम पासवान, राजेश कुमार पासवान, सीमा कुमारी, किरण कुमारी, जयन्ती कुमारी, उमेश प्रसाद यादव, विजय कुमार, शंकर कुमार निराला, विनोद कुमार, सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में दो सौतेले भाइयों के परिवार मारपीट,एक कि मौत, चार गंभीर रूप से घायल

लोकतन्त्र की आवाज




केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती।** बिहार झारखंड के सीमा रेखा पर हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के दियारा में दो सौतेले भाइयों ने अपने बड़े भाइयों का धारदार हथियार से बार कर मौत के घाट उतार दिया ।वहीं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मामला जमीन की विवाद का है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाख़र पुर थाना क्षेत्र धोबिया बासा ,बिहार में एक दिन पूर्व जमीन को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद उत्पन्न हो गई थी। मृतक का आवास मुफशिल थाना क्षेत्र के साहिबगंज जिला के हाजीपुर दियारा क्षेत्र में एक दिन पहले हाजीपुर आवास पर दोनों सौतेले भाइयों के बीच वाद विवाद होते–होते ईटा पत्थर फेंक का झड़प हुई थी। पुनः दूसरे दिन सुबह 7:00 बजे के आसपास खेत पर दिलीप एवं मुकेश पानी बोरिंग से छोड़ दिया। जिससे भूप नारायण का गड्ढे में जमीन था, जिसमें लहसुन और मक्का प्याज लगा हुआ था ।गड्ढे में पानी के जमा होने से विवाद बढ़ने लगा ।हाजीपुर आवास पर सुबह लगभग 7:00 बजे गया । वहां लाठी , भाला हंसुआ, चाकू चला करके बार करने लगे। इस पर बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई ।उसके बाद उनके पुत्र चिंकू रजक, धर्मेंद्र रजक, प्रकाश रजक मृतक की पत्नी कविता देवी 55 वर्ष को गंभीर रूप से मार करके घायल कर दिया। 22 वर्ष का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर किया गया है ।इसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। वही आक्रोशित ग्रामीण अपराधी के घर को तोड़ने का प्रयास करने लगे ।मौके पर पहुंची पुलिस पदाधिकारी ने लोगों को समझा बुझा कर शान्त किया।जबकि ग्रामीणों ने अपराधियों को पकड़ने को लेकर हंगामा किया। गांव छोड़ भाग रहे अपराधियों के तीन को बिहार के मधुबन गांव में पुलिस बल एवं ग्रामीणों को सहयोग से पकड़ कर लिया गया। उसमें मुकेश रजक, उसकी पत्नी, दिलीप रजक के पुत्र आशीष पुत्र को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी कौन सा मृतक के पिता रामविलास रजक की दो सादी हुई है, पहली पत्नी से भूप नारायण रजक मृतक एवं दूसरी पत्नी से दिलीप रजक और मुकेश रजक का बहुत पहले से जमीनी विवाद चलती आ रही है। पंचों के द्वारा फैसला कर जमीन का बंटवारा किया गया था। फिर भी दिलीप रजक और मुकेश रजक को पंचों का फैसला मान्य नहीं था। उनको लेकर में तो विवाद होता रहता था ।जमीन विवाद की समस्या से जुड़ते हुए कोर्ट का शरण लिया गया है। वही ग्रामीणों ने बताया की जमीन विवाद का मामला अभी कोर्ट में चल ही रहा है, की दूसरी पक्ष को संतुष्ट ,मंजूरी नहीं थी। जिससे यह घटना घटी। पुलिस पदाधिकारी मामले कि जांच में लगे हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीड़ित व्यक्ति ने सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है



लोकतंत्र की आवाज
सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। अनुमंडल के सलखुआ थाना के एक एसआई धनंजय सिंह के द्वारा एक फरियादी को दुर्व्हार किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। जिसको लेकर पीड़ित ने गुरुवार को सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में सलखुआ वार्ड नंबर 3 निवासी निखिल यादव ने डीएसपी को दिए आवेदन में कहा है कि मैं दिनांक 10 दिसंबर को लगभग 8 :30 बजे रात में रेलवे लाइन होते हुए बासा पर जा रहा था। तभी अचानक गुड्डू कुमार एवं अन्य ने हमारे साथ गली गलौज कर मारपीट किया। जिसके कारण मैं घायल हो गया। इलाज कराने के बाद रात करीब 10 :30 बजे सलखुआ थाना गया। वहां मौजूद दीपक कुमार नाम का व्यक्ति बोला कि सुबह आवेदन लेकर आईएगा। मैं सुबह में आवेदन लेकर 11 :00 बजे करीब थाना पर गया एवं थाना अध्यक्ष का इंतजार करने लगा। तभी एसआई धनंजय कुमार हमको बुलाया एवं पूछा कहां आया है। तो हमने बोला बड़ा बाबू से मिलना हैं। इतना सुनते ही आग बबूला हो गया भद्दी भद्दी गाली गलौज मुझे देने लगा। उन्होंने कहा कि आरोपी गुड्डू कुमार हमारा खास आदमी हैं। महीनवारी देता हैं क्यूं उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया है। तुमको बर्बाद कर देंगे झूठा केश-मुकदमा में फंसा देंगे। आर्मस एक्ट लगा दूंगा कोई नहीं बचा पाएगा। इस हम बोले सर ऐसा क्यों बोलते हैं। इतना कहते ही हमारे साथ मारपीट करने लगा एवं हमारे हाथ में आवेदन था छीन लिया। एवं बोला कल आकर रिसीविंग ले लेना, रिसीविंग नहीं हैं। हम डर गए। जहां रक्षा के लिए लोग जाते हैं। वहां मेरे साथ मारपीट किया गया। हम वापस जाने लगे तो गाली देकर बोला कि एक लाख रुपये लेकर आना। तब केश होगा। थाना अध्यक्ष मैं ही हूँ। मैं डर कर किसी तरह 2-3 दिन बाद थाना अध्यक्ष महोदय से मिला। तब जाकर आवेदन दिया। इलाज कराने के कारण 17-12-2024 को मेरा आवेदन स्वीकार किया गया है। गुड्डू कुमार सभी व्यक्ति एवं एएसआई द्वारा हमको बराबर धमकी मिल रहा है। कभी भी किसी समय ये सभी मिलकर मेरे साथ अप्रिय घटना कर सकता है। अतः श्रीमान से निवेदन हैं कि उचित कानूनी कार्यवाही करते हुए जान माल की रक्षा किया जाएं। इस संबंध में सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच चल रही है।

### डॉ. अनुज प्रभात की पुस्तक 'समय की रेत पर' का भव्य लोकार्पण

लोक तंत्र की आवाज
फारबिसगंज। इन्द्र धनुष साहित्य परिषद, फारबिसगंज के तत्वावधान में द्विजदेनी स्कूल के प्रांगण में साहित्यकार डॉ. अनुज प्रभात की पुस्तक 'समय की रेत पर' का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर देश के नामचीन लेखक, कवि और साहित्यकारों ने डॉ. प्रभात की कड़ी मेहनत और पुस्तक के विषय पर प्रकाश डाला। लोकार्पण समारोह में संवदिया पत्रिका के प्रधान संपादक, मांगन मिश्र मार्तंड ने पुस्तक के महत्व पर टिप्पणी करते हुए कहा, "यह पुस्तक न केवल हमारे महान नेताओं, साहित्यकारों और विचारकों का यथार्थपरक चित्रण करती है, बल्कि यह नई पीढ़ी को उनकी प्रेरणादायक यात्रा से परिचित भी कराती है। डॉ. अनुज प्रभात ने इस पुस्तक के माध्यम से उन महान विभूतियों के योगदान को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया है, जो हमारे समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभा चुके हैं। डॉ. अनुज प्रभात ने अपनी पुस्तक के उद्देश्य के बारे में बताया, मेरा लक्ष्य था कि युवा पीढ़ी को हमारे देश के महान व्यक्तित्वों के बारे में सही जानकारी मिले। चाहे वे राजनीतिक नेता हों, साहित्यकार हों या वैज्ञानिक, उनकी कड़ी मेहनत और विचारों को सही तरीके से समझना बहुत आवश्यक है। बाल साहित्यकार हेमंत यादव ने इस पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. अनुज प्रभात की यह छठी पुस्तक है, और इससे पहले भी उनकी कई कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें 'आधे अधूरे स्वप्न', 'नील पाखी', 'बूढ़ी आंखों का दर्द', 'किसी गांव में कितनी बार कब तक' और 'समय का चक्र' जैसी पुस्तकें प्रमुख हैं। इन पुस्तकों को देशभर में साहित्यिक संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता मांगन मिश्र मार्तंड ने की, जबकि मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी संजीव रंजन और विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त बीईओ प्रमोद कुमार झा ने डॉ. प्रभात की पुस्तक को नई पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम में अरविंद ठाकुर, चंद्रभूषण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मंडल, अंजनी गौतम, अजातशत्रु अग्रवाल, रमेश सिंह, सुधीर सिंह, पवन सिंह, अरुण कुमार (विद्यालय प्रधान), हसमत सिद्दिकी, प्रभास बहरदार, राम जी मिश्र जैसे प्रमुख साहित्यकार और समाजसेवी उपस्थित थे। मंच का संचालन बिनोद कुमार तिवारी ने किया। 'समय की रेत पर' पुस्तक छात्रों, शोधार्थियों और साहित्य प्रेमियों के लिए एक अमूल्य धरोहर साबित होगी, जो हमारे महान व्यक्तित्वों की गहरी समझ और प्रेरणा प्राप्त करना चाहते हैं।

महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की 105वीं जयंती पर विशेष

# आध्यात्मिक समृद्धि का मार्गदर्शकः महर्षि संतसेवी

लोक तंत्र की आवाज



**डा. रूद्र किंकर वर्मा**
**अररिया।** हर वर्ष 20 दिसंबर को महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। यह दिन उनकी दिव्य शिक्षाओं और आध्यात्मिक योगदान को याद करने का अवसर होता है। महर्षि संतसेवी जी अपने जीवन में संतमत के गूढ़ ज्ञान को संसार भर में फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महर्षि संतसेवी जी का जीवन साधना, सेवा और मानवता की सर्वोत्तम मिसाल रहा। उन्होंने अपने जीवन को गुरु के चरणों में समर्पित करते हुए न केवल संतमत के सिद्धांतों को सहज और सरल रूप में प्रस्तुत किया, बल्कि अपने ज्ञान और अनुभव से दुनिया को आध्यात्मिक उन्नति की दिशा भी दिखाई। महर्षि संतसेवी जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, खासकर उनकी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया।

**महर्षि संतसेवी परमहंस जी का जीवन और दर्शन :** महर्षि संतसेवी जी का जीवन शुद्ध साधना, तपस्या और परमात्मा की प्राप्ति के मार्ग पर चलता रहा। उनके जीवन का उद्देश्य न केवल अपनी आत्मा के सत्य को पहचानना था, बल्कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए वह मार्गदर्शन करना था। उनका जीवन सदाचार, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर आधारित था। उनके अनुसार, सच्चा सुख केवल आत्मज्ञान और परमात्मा की प्राप्ति से ही मिल सकता है।

महर्षि संतसेवी जी के जीवन के कुछ महत्वपूर्ण प्रसंग उनके गुरु महर्षि मेँही परमहंस जी के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को उजागर करते हैं। महर्षि मेँही जी ने अपने शिष्य संतसेवी जी को न केवल अपनी शिक्षाओं का वाहक बनाया, बल्कि उन्हें संतमत के विस्तृत कार्यों का जिम्मा भी सौंपा।

**महर्षि संतसेवी जी के साहित्यिक योगदान :** महर्षि संतसेवी जी न केवल एक महान संत थे, बल्कि एक कुशल लेखक भी थे। उनकी रचनाएँ आज भी लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। उन्होंने संतमत की गूढ़ शिक्षाओं को सरल और व्यापक रूप से प्रस्तुत किया, जिससे हर व्यक्ति उस ज्ञान को अपने जीवन में उतार सके। उनके द्वारा लिखी गई कुछ प्रमुख रचनाएँ निम्नलिखित हैं: 1. ॐ विवेचन, 2. परमार्थ विवेचन, 3. योग माहात्म्य, 4. महर्षि संतसेवी ज्ञानगंगा, 5. सर्वधर्म समन्वय, 6. सुख-दुःख, 7. जग में ऐसे रहना, 8. लोक-परलोक उपकारी, 9. जे पहुँचे ते कहि गए, 10. सुषुम्ना-ध्यान, 11. सत्य क्या?, 12. एक गुप्त मत, 13. संतमत में साधना का स्वरूप

इनके सर्व धर्म समन्वय₹ पुस्तक का अमेरिका निवासी वीणा रानी होवार्ड ने आंग्ल भाषा में "Harmony of Religions"नाम से अनुवाद किया है। वहीं स्वामी निर्मलानंद ने उनके सैकड़ों प्रवचनों को ₹महर्षि संतसेवी प्रवचन पीयूष₹ नामक ग्रंथ में संकलित किया है।

**महर्षि संतसेवी जी की 105वीं जयंती पर विशेषः श्रद्धांजलि और सम्मान :** महर्षि संतसेवी जी का जीवन एक आदर्श था, जिसमें उन्होंने संपूर्ण मानवता के भले के लिए अपने साधना और शिक्षा को समर्पित किया। उनकी 105वीं जयंती पर उनकी शिक्षाओं और रचनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इस अवसर पर, उनके अनुयायी और संतमत के कार्यकर्ता उनके कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हो रहे हैं। संतसेवी जी की शिक्षाएँ आज भी लोगों के जीवन में गहरी छाप छोड़ रही हैं, और उनकी रचनाएँ हमें जीवन के सही उद्देश्य, साधना और आत्मज्ञान की दिशा दिखाती हैं। उनकी दी हुई शिक्षा हमें यह समझाती है कि जीवन का मुख्य उद्देश्य आत्म-प्रकाश और परमात्मा से जुड़ना है। महर्षि संतसेवी जी ने बताया था कि ₹संसार में सब ज्ञानों में श्रेष्ठ ज्ञान है-अध्यात्म-ज्ञान। यह अनुभव की चीज है, मात्र वाचन की नहीं।₹ उनके अनुसार, सच्चा सुख और शांति केवल आत्मज्ञान और सत्संग के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है।

**महर्षि संतसेवी जी का अमूल्य योगदान :** महर्षि संतसेवी परमहंस जी का जीवन और उनके द्वारा दी गई शिक्षाएँ अनमोल धरोहर हैं। उनकी 105वीं जयंती पर हम सभी उनके जीवन से प्रेरणा लें और उनके बताए मार्ग पर चलकर आत्मज्ञान की प्राप्ति के प्रयास करें। उनका योगदान न केवल भारत में, बल्कि समूचे विश्व में एक प्रकाश स्तंभ की तरह रहेगा, जो हमें जीवन के सही उद्देश्य और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**महाप्रयाण :** महर्षि संतसेवी परमहंस जी ने 4 जून 2007 को इस संसार को अलविदा लिया, इनके महाप्रयाण पर इनके उत्तराधिकारी ₹गुरु स्नेही₹ स्वामी आशुतोष जी महाराज ने मुखाग्नि दी थी। उनकी शिक्षाएँ और रचनाएँ आज भी उनके अनुयायियों के दिलों में जीवित हैं। उनका समर्पण, उनकी साधना और उनका जीवन एक अमूल्य धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श रहेगा। अवतरण डे के इस 105वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनसे विश्व कल्याण की कामना करता हूं।

## सीबीसीएस फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा के दूसरे दिन पी कॉलेज मुरलीगंज में 564 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा, शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्नः डा. जवाहर



लोक तंत्र की आवाज

**मुरलीगंज।** भू ना मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर मधेपुरा के अंगीभूत महाविद्यालय, पी कॉलेज मुरलीगंज में आयोजित सीबीसीएस 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का दूसरा दिन शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा में कुल 564 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 306 परीक्षार्थी प्रथम पाली (प्रथम सिटिंग) और 258 परीक्षार्थी द्वितीय पाली (द्वितीय सिटिंग) में उपस्थित हुए। वहीं, पहले सिटिंग में 4 और दूसरे सिटिंग में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस परीक्षा में विभिन्न विषयों की परीक्षा ली गई, जिनमें राजनीतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान, एंथ्रोपोलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलोजी, गणित (विज्ञान एवं कला), सांख्यिकी और वाणिज्य शामिल थे। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं केंद्राधीक्षक डॉ. जवाहर पासवान ने बताया कि परीक्षा के दौरान कदाचार पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया गया और परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों से मोबाइल फोन, किताबें तथा अन्य संदिग्ध सामग्री जमा करवाई गई। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

इस दौरान परीक्षा केंद्र में केंद्राधीक्षक डॉ. जवाहर पासवान के नेतृत्व में समस्त कर्मचारी और पर्यवेक्षक सक्रिय रूप से कार्य कर रहे थे। उनके साथ बर्सर डॉ. प्रतीक कुमार, सहायक केंद्राधीक्षक डॉ. अली अहमद मंसूरी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रविंद्र कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. विकास कुमार और लेखापाल देवाशीष देव, नीरज कुमार निराला सहित विश्वविद्यालय से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक संजीव कुमार सुमन ने परीक्षा संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी परीक्षा कक्षों में कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे कदाचार को पूरी तरह से रोका जा सका। महाविद्यालय के परीक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को खैरियत रिपोर्ट भेजी है और तीसरे दिन की परीक्षा के लिए भी कदाचारमुक्त माहौल बनाए रखने की तैयारी जारी है। इस पूरे आयोजन में महाविद्यालय के सभी कर्मचारी और अधिकारियों की सक्रियता ने परीक्षा को सफलतापूर्वक संचालित करने में अहम योगदान दिया।

## निर्दोष को फंसाये जाने के संबंध में पीड़िता ने डीआईजी को सौपा ज्ञापन

**लोकतंत्र की आवाज**
**सहरसा संवाददाता।** आरक्षी उप महानिरीक्षक कोशी क्षेत्र को निर्दोष बलराम पासवान को फंसाये जाने के सम्बन्ध में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौप न्याय की गुहार लगाई है। डीआईजी को दिए आवेदन में निवेदिका हीरादेवी पति स्व बालानंद पासवान ग्राम पो समदा थाना - सौर बाजार निवासी हीरा देवी ने कहा कि मुख्य आरोपी अमित पासवान कुख्यात अपराधी है। कांड संख्या 699/24 परमानन्दपुर थाना, जिला मधेपुरा में मेरे पति-बालानंद पासवान का हत्यारा है।

वही बलराम पासवान मेरे जीजाजी है। जिसके कारण मेरे परिवार की देखभाल एवं मेरे मुकदमा को देखरेख करने वाले मुख्य आदमी है। इसी कारण कुख्यात अपराधी अमित पासवान इन्हें फंसा रहे हैं। जबकि घटना के दिन बलराम पासवान अपने घर पर मजदुर मिस्त्री के साथ पुरे दिन काम करवा रहे थे। जो उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरा में सुरक्षित कैद है। जो कैमरा बिहरा पुलिस के पास सुरक्षित है। इस कांड का घटनास्थल और बलराम पासवान के घर की दुरी लगभग 70 से 80 किलोमीटर से कम नहीं होगा। इसलिए बहुत ऐसे अन्य अनेक साक्षय मौजूद है। जो बलराम पासवान को निर्दोष साबित करता है। उन्होंने डीआईजी से अपने स्तर पर जांच कर निर्दोष बलराम पासवान को इस काण्ड से बरी करने की कृपा की जाय। नहीं तो कोई भी आदमी एक निहसाय अबला नारी की मदद कैसे करेगा। इस अवसर पर पीड़िता के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मानवाधिकार दिवस पर पुरस्कार वितरण में अनियमितताः शिक्षकों पर पक्षपात का आरोप

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** अररिया जिले में 10 दिसंबर को आयोजित मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खेल, विधि, शिक्षा और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करना था, लेकिन चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है।

**शिकायत :** सुष्मिता ठाकुर, राज्य कानूनी सलाहकार (ह्यूमन राइट्स एंड चिल्ड्रन विंग), ने आरोप लगाया है कि मध्य विद्यालय भगवापुर, जोकीहाट के शिक्षक श्री नरसिंह नाथ मंडल ने अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए पुरस्कार सूची में अपनी पत्नी अभिलाषा रंजन सहित अपनी करीबी शिक्षिकाओं के नाम जोड़ दिए। इन शिक्षिकाओं का शिक्षा क्षेत्र में योगदान सीमित था, क्योंकि उनकी नियुक्ति हाल ही में ळफए-2 के माध्यम से हुई थी और उनका सेवा अनुभव केवल आठ महीने से कम था।

**मुख्य आरोप :** 1.पुरस्कार वितरण में केवल शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जबकि खेल, विधि और चिकित्सा जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को अनदेखा किया गया।, 2 नरसिंह नाथ मंडल ने अपनी पत्नी और अन्य पसंदीदा शिक्षिकाओं को सूची में शामिल किया, जिनका समाज में योगदान नगण्य था।, 3.जिला शिक्षा पदाधिकारी, अररिया की भूमिका संदिग्ध है, और यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने जानबूझकर अनियमितताओं को नजरअंदाज किया।

**निवेदन :** 1.एक निष्पक्ष जांच समिति गठित की जाए ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि यह सूची किस आधार पर तैयार की गई थी।, 2.नरसिंह नाथ मंडल और उनकी पत्नी अभिलाषा रंजन के खिलाफ जांच की जाए, ताकि उनके विद्यालय में शैक्षणिक योगदान की वास्तविकता का पता चल सके।, 3.जिला शिक्षा पदाधिकारी की भूमिका की भी जांच की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे इस चयन प्रक्रिया से अवगत थे और यदि हां, तो उन्होंने क्या कार्रवाई की।, 4.भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल वास्तविक योगदान करने वालों को ही सम्मानित किया जाए, ताकि सम्मान वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। सुष्मिता ठाकुर ने जिलाधिकारी और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी से इस मामले की गंभीरता से जांच की अपील की है और कहा है कि ऐसी अनियमितताओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने दिल्ली रह रहे छातापुर के साथियों से की अहम मुलाकात, विधानसभा चुनाव को लेकर की चर्चा

लोक तंत्र की आवाज



● छातापुर विधानसभा में बदलाव की राह पर संजीव मिश्रा, साथियों का मिला पूरा समर्थन

**नई दिल्ली।** वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने दिल्ली के प्रतिष्ठित कनॉट प्लेस में छातापुर विधानसभा क्षेत्र के अपने साथियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव पर गंभीर विचार-विमर्श किया और छातापुर में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।

संजीव मिश्रा ने कहा, ₹दिल्ली आने पर छातापुर के अपने साथियों से मिलना मेरे लिए बेहद अहम था। आज यहां हम सभी ने पुराने दिनों को याद करते हुए आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीतियों पर चर्चा की।₹ उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बार छातापुर विधानसभा में चुनावी परिणाम सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे, और इसके लिए हर कोई पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस मुलाकात में छातापुर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं, जिनमें सरकारी अधिकारी, व्यापारी, और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल थे। सभी ने एकजुट होकर अपने क्षेत्र से गहरी प्रेम और समर्थन दिखाया। संजीव मिश्रा ने कहा, ₹यह देखना दिलचस्प था कि छातापुर के ये साथी चाहे किसी भी पेशे से जुड़े हों, लेकिन उनकी जुड़ाव और प्रेम अपनी मिट्टी से हमेशा कायम रहा है।

मुलाकात के दौरान संजीव मिश्रा ने छातापुर विधानसभा में युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका को विशेष रूप से सराहा, जिन्होंने परिवर्तन की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया है। उन्होंने यह भी कहा, ₹आज के युवा साथी छातापुर विधानसभा के विकास और बदलाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, और उनका जोश इस बार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम ला सकता है। इस मुलाकात से स्पष्ट हो गया कि छातापुर विधानसभा में इस बार बड़े बदलाव की संभावना है और संजीव मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय युवा शक्ति एक नया अध्याय लिखने को तैयार है।

## इशितहार का किया गया तमिला, बलवाहाट थाना पुलिस की कार्रवाई



**लोकतंत्र की आवाज**
**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा ।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बलवाहाट थाना पुलिस द्वारा गुरुवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय से निर्गत एक इशितहार का तमिला किया गया था बलवाहाट थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 95/24 जो बीते - 10 अगस्त को दर्ज की गई थी। उक्त घटना में प्राथमिकी के फरार चल रहे एक अभियुक्त बलवाहाट थाना क्षेत्र के रामपुर गांव, वार्ड नंबर - 6 निवासी नित्यानंद सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह के विरुद्ध इशितहार का तमिका किया गया था। उनके घर पर इशितहार चिपकाई गई थी।

## कांठो में मुखिया के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के काठों पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव ने संयुक्त रूप से गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में ग्राम सभा का बैठक आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता कांठो पंचायत के मुखिया भोलेंद्र राय के द्वारा किया गया।

जिसमें जीपीडीपी के तहत वर्ष 2025/26 हेतु ग्राम विकास योजना तैयार किया गया 15 वित्त एवं 06 वित्त से यात्री शेड, गली निर्माण, नाली निर्माण, छठ घाट निर्माण, सार्वजनिक कुआं मरमती, सामुदायिक भवन की मरम्मती सहित वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छता से ओडीएफ प्लस की घोषणा एवं मनरेगा संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विचार विमर्श कर योजनाओं को क्रियान्वयन हेतु गति लाने के लिए विचार विमर्श एवं सर्व सम्मति से विभिन्न योजनाओं को पास किया गया।

कांठो पंचायत के मुखिया भोलेंद्र राय ने कहा जब से मुझे पंचायत की जिम्मेदारी पंचायत के व्यक्ति ने दिया जनप्रतिनिधि के रूप में चुना उसी दिन से पंचायत के लोगों के विकास की चिंता करते रहते हैं एवं विकास कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा से काम करते रहते हैं समय-समय पर लोगों से संवाद कर नई योजनाओं का चयन एवं समस्याओं का भी निवारण किया जाता है। उपस्थित जनप्रतिनिधि सरपंच महेश ठाकुर ग्राम कचहरी के सचिव तराकांत राय पंचायत के कार्यपालक मुस्कान कुमारी पंचायत के पंचायती के अकाउंटेंट जेनित सिंह, मनोज चौधरी, जय नारायण पोद्दार, सुधीर यादव, मोहम्मद अमजद, बबलू ठाकुर, उपेंद्र सदा ,गणेश पोद्दार, अमित कुमार, सुशील पोद्दार, मिथिलेश कुमार, सिकंदर सदा ,उमेश पोद्दार, लक्ष्मी शाह, पंचायत के कई गण मान व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

## विधायक यूसुफ सलाउद्दीन ने माहखड़ पंचायत में एवं रामपुरा पंचायत में मुखिया सबुजिया देवी ने खेल मैदान का किया भूमि पूजन व शिलान्यास

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5,671 ग्राम पंचायतों में 6,659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। इसी कड़ी में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत सिमरी बख्तियारपुर के विभिन्न पंचायत में भी खेल मैदान का शिलान्यास किया गया है। जिनको लेकर गुरुवार को सुबह से ही विभिन्न पंचायतों के खेल मैदान में उत्सवी माहौल था। खेल मैदान के निर्माण स्थल पर भूमि पूजन कार्य चलता रहा। एवं मिठाईयां भी बांटी गई। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के रायपुरा पंचायत में पंचायत खेल मैदान में भूमि पूजन पंचायत की मुखिया सबुजिया देवी द्वारा किया गया।

वहीं महखड़ पंचायत में क्षेत्रीय विधायक युसूफ सलाहउद्दीन ने खेल मैदान का शिलान्यास किया। मौके पर सिमरी बख्तियारपुर कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक आनंद सहित मनरेगा की टीम ने भाग लिया। मौके पर रायपुरा पंचायत के मुखिया सबुजिया देवी ने बतायीं कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल कूद के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ खेल की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। खेल मैदान के विकास के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उत्साहवर्धन भी होगा।

## डॉ. शैलेश सिंह 'शौर्य' कलकत्ता में भोजपुरी आलोचना सम्मान से सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज



**जयनगर।** भोजपुरी भाषा के प्रति जागरूक और समर्पित राष्ट्रीय संगठन भोजपुरी साहित्य विकास मंच, कलकत्ता द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी सम्मेलन और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन 17 दिसंबर को पश्चिम बंगाल के रविंद्र भवन रिसड़ा सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के साहित्यकारों, शिक्षाविदों, गीतकारों और कलमकारों ने अपने विचार व्यक्त किए और भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग उठाई।

उक्त समारोह में रामनरेश सिंह एजुकेशनल फाउंडेशन, यूपी के संस्थापक महासचिव और मिथिलांचल के युवा शिक्षाविद डॉ. शैलेश कुमार सिंह 'शौर्य' को वर्ष 2024 के भोजपुरी आलोचना सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें उनकी कृति ₹मेरे राम₹ और साहित्यिक रुचि के लिए दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में विजय किशोर पांडेय (नेपाल), विशिष्ट अतिथि डॉ. ओमप्रकाश दुबे, वरिष्ठ साहित्यकार रामपुकार सिंह गाजीपुरी और भोजपुरी साहित्य विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विमलेश त्रिपाठी ने उन्हें अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह 'शौर्य' को यह पुरस्कार साहित्य के प्रखर आलोचक स्व. नामवर सिंह की स्मृति में दिया गया। डॉ. शैलेश को इससे पहले भी कई पुरस्कार मिल चुके हैं और यह सम्मान उनके साहित्यिक योगदान को मान्यता प्रदान करता है। इस सम्मान की प्राप्ति पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार, डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. अनंतेश्वर यादव, डॉ. स्वीटी सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. श्याम कृष्ण और अन्य शिक्षकों ने बधाई दी।

सम्मान ग्रहण करने के बाद डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने आयोजक मंडल, विशेष रूप से श्री प्रकाश प्रियांशु का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''इस तरह के साहित्यिक और अकादमिक आयोजनों से भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान समय में कुछ लोग भोजपुरी के नाम पर सिर्फ अपनी रोटी सेंक रहे हैं, जबकि इस भाषा को असली पहचान दिलाने के लिए उ.बि.प. (उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल) के युवाओं को आगे आना होगा। मैं इस आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए तैयार हूं।

समारोह में लोक गायक गुड्डू गुलशन, भोजपुरी सम्राट लाखन सिंह, डॉ. विमलेश त्रिपाठी, महासचिव प्रकाश प्रियांशु, डॉ. विद्यासागर उपाध्याय, डॉ. जमील हसन अंसारी, डॉ. रेखा त्रिपाठी, डॉ. रिंकी उपाध्याय, राष्ट्रीय कवि निडर, प्रिया श्रीवास्तव, संयोजक विनोद यादव सहित कई प्रमुख साहित्यकारों और कवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पंचायत सचिवालय डाहा में सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
अशोक अनन्त
हंटरगंज (चतरा)। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार शुक्रवार करीब 2 बजे हंटरगंज प्रखंड के डाहा पंचायत सचिवालय में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर पंचायत सचिव और रोजगार सेवक मुख्य रूप से उपस्थित थे ।इस अवसर पर पंचायत सचिव प्राण कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता लाना एवं जन समस्याओं का समाधान करना है। इसके लिए पंचायत व गांव स्तर पर सखी मंडल की महिलाओं के माध्यम से सरकार की सामाजिक एवं गैर सरकारी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। ताकि जागरूक हो कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सके। महिलाएं इसके लिए कार्य करे और ग्रामीणों को जागरूक करें। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी सुशासन सप्ताह के आयोजन के संबंध में बताया कि सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना और विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। शिविर में जॉब कार्ड जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,पेंशन, अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, राशनकार्ड ई केवाईसी, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण गुरु कुल शिक्षा विभाग, अंचल विभाग समेत अन्य योजनाओं को बारे में जानकारी दी गई ।कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया ।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार, वार्ड सदस्य अनिल यादव, श्यामदेव यादव समेत अन्य सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### भीषण ठंड से नीलगाय की मौत, वन विभाग ने करवाया अंतिम संस्कार



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( चतरा)। ठंड का असर न केवल इंसानों, बल्कि जानवरों पर भी पड़ रहा है। ठंड के असर से वन्य जीव भी बेहाल हैं। गुरुवार को लगभग 10 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत कोबना गांव में ठंड से एक नीलगाय की मौत हो गई, जिसका अंतिम संस्कार वन विभाग की टीम ने करवाया ।ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही गुड्डू मिस्त्री के घर के समीप खेत में एक नीलगाय बीमार पड़ी हुई है जिसका हालात बिगड़ती जा रही है। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार को दी। उसके बाद जानकारी मिलते ही वन विभाग पदाधिकारी चंदन सिंह और मवेशी चिकित्सक दांगी कोबना गांव घटना स्थल पर पहुंचे जहां चिकित्सक ने नीलगाय को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद वन विभाग की टीम ने शव को अंतिम संस्कार विधिवत रूप से करवा दिया गया। मौके पर वन विभाग पदाधिकारी चंदन सिंह, कोबना पंचायत वन विभाग समिति अध्यक्ष विनय कुमार यादव, मवेशी चिकित्सक दांगी एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहें। वही वन विभाग पदाधिकारी चंदन सिंह ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई पशु बीमार दिखाई पड़ता है, तो टीम को सूचना देकर उनके आने तक पशु के पास आग जलाकर उसे गरमाहट दें, ताकि वह खतरे से थोड़ा बाहर निकल सके।

### पाण्डेयपुरा : भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी : नही हुई है अभी तक अलाव की व्यवस्था



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( झारखंड)। जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे विगत कुछ दिनों से भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है जिससे आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।शीतलहर के इस भीषण प्रकोप मे अभी तक अलाव की कही पर भी व्यवस्था प्रखंड प्रशाशन के द्वारा नही की गयी है जबकि मौसम ने करवट ले ली है और क्षेत्र मे भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है ।शीतलहर के कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और प्रखंड प्रशाशन ने इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साध कर अपनी कार्यप्रणाली के प्रति निष्क्रियता दर्शाने मे लगी है ।इस बाबत जब ग्रामीणों से बात की गयी तो ग्रामीणों ने कहा की कभी भी समय पर अलाव की व्यवस्था क्षेत्र मे नही की जाती है जिससे इस भीषण ठंड मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मध्य विद्यालय सिरय में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरय में ग्रामीणों के साथ आमसभा किया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति का 3 वर्ष कार्य पूर्ण होने के फलस्वरूप विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन कार्य हेतु छात्र–छात्राओं के माता–पिता एवं अभिभावक गण विद्यालय में उपस्थित हुए जिसमें नए अध्यक्ष के रूप में हेमलाल महतो एवं संयोजिका/उपाध्यक्ष रीना कुमारी चयनित हुई बैठक में ग्राम पंचायत सिरय की मुखिया हेमंती देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ साथ ही साथ विष्णुगढ़ प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सुशील कुमार मंडल एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल अहमद अंसारी एवं पर्यवेक्षक आरसी प्रसाद महतो विद्यालय के तमाम शिक्षक गण एवं लालमोहन महतो , तालेवर महतो , घनश्याम महतो जितेंद्र कुमार महतो एवं अन्य माननीय व्यक्ति की उपस्थिति में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का नगर भवन गिरिडीह में आयोजित किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो– चीफ) गिरिडीह, झारखंड।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, शाखा एमएसएमई–विकास कार्यालय, धनबाद द्वारा खरीद एवं विपणन सहायता योजना के तहत एक दिवसीय निर्यात संवर्द्धन एवं जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार) का आयोजन दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को नगर भवन, गिरीडीह में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को निर्यात संवर्द्धन, जेम नए बाजार सृजन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त, गिरिडीह, श्री नमन प्रियेश लकड़ा, भा.प्रा.से एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक श्री सुजीत कुमार, सहायक निदेशक द्वारा किया गया।

श्री पवन कुमार सिंह, आई.ई.डी.एस., उप निदेशक, एमएसएमई, नई दिल्ली द्वारा भारत सरकार द्वारा एमएसएमई उद्यमियों के लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया की अब भारत सरकार द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि एक ही पोर्टल के माध्यम से उद्यमियों को सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए पंजीकृत किया जा सके। उद्यमियों को सीजीटीएमएसई योजना के तहत उपलब्ध कोलैटरल फ्री ऋण की सीमा 1 करोड़ से 5 करोड़ तक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा प्रयास किया जा रहा है कि अन्य योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण की राशि भी बढ़ाई जा सके।

श्री निर्मल झुनझुनवाला, अध्यक्ष, एफजीसीसीआई एवं श्री राजेश छापरिया, अध्यक्ष, माइका एक्सपोर्टर एसोसिएशन, गिरीडीह ने अपने वक्तव्य में कहा कि झारखंड में निर्यात की प्रचुर संभावना है। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार से झारखंड के उद्यमियों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने सेमिनार में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को इस संगोष्ठी में आए विशेषज्ञों के ज्ञान का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा आशा किया कि इससे गिरिडीह जिले के उद्योगों का विकास होगा जो सामुहिक रूप से झारखंड एवं देश के समग्र विकास में सहयोग करेगा। श्री संजय कुमार संगम, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, गिरीडीह सर्कल ने डाक घर निर्यात केंद्र की गतिविधियों एवं एवं निर्यात को बढ़ाने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने इस स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन को वर्तमान समय में निर्यात संवर्द्धन हेतु अत्यंत आवश्यक बताया।

श्री निकुंज जैन, उप आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, बोकारो ने बैंक द्वारा एमएसएमीई उद्यमियों को दी जा रही ऋण सुविधाओं की जानकारी दिया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से बैंक आकर अपने अधिकारियों से मिलने का आग्रह किया जिससे बैंक उन्हें एक्सपोर्ट क्रेडिट स्कीम एवं अन्य योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण प्रदान करने में उनकी सहायता कर सकें।

श्री इंद्रजीत यादव, आई.ई.डी.एस., संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई–विकास कार्यालय, राँची ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप–रेखा से अवगत कराया तथा सभी प्रतिभागी उद्यमियों से इस संगोष्ठी में शामिल हो रहे डाक घर निर्यात केंद्र के अधिकारियों एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन 'फियो' से निर्यात की प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण संबंधित अनुभव का लाभ लेने की अपील की जिससे वे अपने उत्पादों का निर्यात विदेशों में कर सकें एवं अपने उद्यमों का विकास सुनिश्चित कर सकें। साथ ही उन्होंने विशेषकर जेम (टिट) के विशेषज्ञों को ज्यादा ध्यान देकर सुनने एवं सीखने की बात कही जिससे वे सरकारी खरीद के ज्यादा से ज्यादा हिस्से के आपूर्तिकर्ता बन सके।

मुख्य अतिथि श्री नमन प्रियेश लकड़ा, भा.प्रा.से., उपायुक्त, गिरीडीह ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने अभिभाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए समय की मांग है। इससे सभी वर्ग के एमएसएमई उद्यमियों को व्यापार जगत में आ रहे बदलाव की अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सकेगी तथा वे अपने उत्पादों को निर्यात के माध्यम से नए विदेशी बाजारों तक पहुंचा कर अपने उद्यमों का बेहतर विकास कर सकेंगे। उन्होंने सभी एमएसएमई प्रतिभागियों को झारखंड सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड सरकार की तरफ से नई एक्सपोर्ट प्रोमोशन पॉलिसी लाई जा रही है। जेम के संबंध में उन्होंने कहा कि इस माध्यम से हमारे झारखंड राज्य के उद्यमी देश के अन्य राज्यों में स्थित सरकारी संस्थानों को भी अपने उत्पाद बेच सकेंगे और अपना सर्वांगीण विकास कर सकेंगे। इस प्रकार के संगोष्ठी के आयोजन के लिए भारत सरकार के शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय, धनबाद को बधाई दी।

श्री दीपक कुमार, सहायक निदेशक (प्रभारी), शाखा एमएसएमई–विकास कार्यालय, धनबाद ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की समाप्ति पर सभा में उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### पलामू में सड़क हादसा अलाव ताप रहे दो की मौत

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
पलामू( झारखंड)। जिला में जपला–मोहम्मदगंज मुख्य पथ के सबनवां गांव के पास सड़क हादसा हुआ है. जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी, वहीं दो अन्य जख्मी हुए हैं. इसको लेकर गुस्साए लोगों ने रोड जाम कर हंगामा किया. दरअसल, गुरुवार शाम सड़क किनारे कुछ ग्रामीण अलाव ताप रहे थे. इसी बीच अनियंत्रित वाहन सभी को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरी. इस दुर्घटना में अलाव ताप रहे दो युवकों में 20 वर्षीय अरशद खान और 21 वर्षीय आसिफ खान की मौत हो गई जबकि दो अन्य जहांगीर खान व हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया जा रहा है. वहीं गाड़ी का ड्राइवर फरार हो गया लेकिन गाड़ी में बैठे व्यक्ति को ग्रामीणों ने जमकर पीटा.
इस हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने जपला मोहम्मदगंज पथ को जाम कर दिया. मोहम्मदगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है. स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि अनियंत्रित गाड़ी पहले खड़ी बाइक और स्कूटी को रौंदते हुए अलाव ताप रहे लोगों को भी रौंद दिया. इस हादसे से क्षेत्र में सनसनी है. बीस सूत्री कमेटी के अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने बताया कि गाड़ी का चालक फरार हो गया है जबकि थार में बैठे एक शख्स को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है, वह नशे में है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है. हादसे की जानकारी मिलने के बाद मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है. घायलों की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है. उनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया जा रहा है.

## विकास के नाम पर हो रहा है लूट, अधिकारी मौन

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड में विकास के नाम पर हो रहे लूट को देखने वाले कोई नहीं है ऐसा ही एक बानगी हजारीबाग से बगोदर ठ्ठ522 में देखा जा रहा है हजारीबाग बगोदर पथ पूरी तरह भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है एक तरफ से रोड बन रहा है, और बनाने के साथ ही रोड का टूटना भी लगातार जारी है इस रोड में हजारों की संख्या में रोज छोटे बड़े गाड़ीयों का आवागमन होता है वर्षों से लोग आस लगाए थे कि रोड़ का सुधार कब होगा रोड सुधार का टेंडर भी हुआ काम भी चालू हुए लेकिन बनने के साथ ही रोड का टूटना आश्चर्यजनक है कुल मिलाकर ठेकेदार और अधिकारी अपने–अपने हिस्से की राशि में समझौता करके रोड को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते हैं जिसको देखने वाला कोई नहीं है ।

## विद्यालय में रिक्त रसोईया पद को लेकर चार बैठक प्रबंधन समिति ने की अभी तक नियुक्ति नहीं

लोकतंत्र की आवाज



**अशोक अनन्त हंटरगंज(चतरा)।** रसोईया नियुक्ति को लेकर प्रखण्ड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय महुआटाड से एक मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नियुक्ति को लेकर दो माह से विवाद है। विगत चार बार विद्यालय प्रबंधन समिति नियुक्ति को लेकर बैठक कर चुकी है लेकिन समाधान नहीं हो पाया है। रसोईया के अनुसार 75 बच्चों का भोजन बनाकर देना बड़ी मुश्किल हो रहे है वही यदि कभी इमरजेंसी हो तो बच्चों का मध्याह्न भोजन बंद हो जाता है। अध्यक्ष सुनील कुमार बताते हैं कि इसको लेकर चार बार बैठक हो चुकी है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है।

वही प्रधानाध्यापक संगीता कुमारी के अनुसार दो रसोईया में एक रसोईया 2 माह पूर्व त्याग पत्र दे चुकी हैं इसको लेकर विभाग को सूचना दे दी गई है जिसका छाया प्रति भी है वही आगे बताती है कि एक रसोईया 75 बच्चो का भोजन बनाने में सक्षम नहीं है एक बार रसोईया बीमार होने के वजह से विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा एक सहायक रसोईया को रखा गया है जिससे बच्चों का मध्याह्न भोजन बंद ना हो। इस संबंध प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है मेरे पास कोई सूचना विद्यालय की ओर से नहीं दी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि चार बार चुनाव हुआ है लेकिन अभी तक किसी को नियुक्ति नहीं हुई है हर बार विवाद हो जाता है।वही एक रसोईया बीमार पड़ने के वजह से विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा एक सहायक रसोईया को रखा गया है जिससे कि बच्चों का मध्याह्न भोजन बंद नहीं हो विगत 25 दिन से कार्यरत है । अब सवाल ये उठता है कि आखिर एक रसोईया के भरोसे 75 बच्चों को भोजन बनाकर देना बड़ी मुश्किल है नियम के अनुसार 25 से लेकर 100 बच्चों के मध्याह्न भोजन बनाने हेतु दो रसोईया होना चाहिए ऐसे में यदि विभाग को सूचना दी गई तो विभाग संज्ञान क्यों नहीं ली।

## गिरिडीह ,भाजपा की नगर बैठक ने पार्टी में जान फूंकने की कोशिश

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ) गिरिडीह, झारखंड।** भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर की एक बैठक प्रदेश एवं जिला निर्देशानुसार आज नगर कार्यालय स्टेशन रोड स्थित संगठन महापर्व निमित सदस्यता अभियान कार्यशाला को लेकर बैठक की गई। एवं जिसकी अध्यक्षता एवं मंच संचालन नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा के द्वारा की गई,जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर गिरिडीह नगर के प्रभारी के द्वारा बिंदुवार कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया गया प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा एवं जिला मंत्री रंजीत राय की अगवानी में हर बिंदु पर चर्चा की गई।

इस कार्यशाला मंडल की टोली में संयोजक विवेक कुमार विकी सहसंयोजक पवन कंधवे एवं रीना शर्मा मौजूद थी जिनका मार्गदर्शन हम कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ, जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न कार्यक्रम इस प्रकार से है, दिनांक 22–12–2024 को हर एक बूथ पर सदस्यता अभियान की शुरुआत करनी है, दिनांक –25–12–2024 देश के श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की हर एक बुथो पर जयंती मनानी है, एवं दिनांक–29–12–2024 को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात हर एक बुथो पर सुननी है एवं आगमी कई कार्यक्रमों पर बिंदुवार चर्चा की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला के महामंत्री संदीप डगाईच, इंजीनियर विनय सिंह विवेश जालान ज्योति शर्मा जयशंकर सिन्हा समीर दीप सोनू चौरसिया अमित आर्य अरुण गुप्ता मिथुन चंद्रवंशी उर्फ माखन आदित्य यादव अरविंद कुमार सावन कुमार समैत कईक कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे।

## बटाईदारी में बिहार के तस्कर कर रहे अफीम की खेती, पुलिस की कार्रवाई में कई खुलासे होने के बाद केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड पलामू(झारखंड)।** पूरे राज्य में अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और उसे नष्ट किया जा रहा है. पलामू में पोस्ता (अफीम) की खेती को नष्ट करने के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. बिहार के तस्कर बटाईदारी में पोस्ता की खेती कर रहे है. आमतौर पर धान, अरहर, गेहूं समेत कई फसलों की बटाईदारी पर खेती होती है. लेकिन पहली बार यह सामने आया है कि तस्कर बटाईदारी में पोस्ता की खेती कर रहे है.

पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि हरिहरगंज के पथरा के इलाके में पोस्ता की खेती हो रही है. इसी सूचना के आलोक में हरिहरगंज के थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया एवं तीन एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया है. खेती नष्ट करने के दौरान पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं.

- **एसपलामू में भी पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. बटाईदारी में बिहार के तस्कर शामिल हैं, पुलिस की कार्रवाई जारी**

2022 के बाद पहली बार रैयती खेती पर पोस्ता की फसल लगाई गई थी. यहां पर पोस्ता की फसल लगाने वाले बिहार के डुमरिया से संबंध रखते हैं जिन्होंने स्थानीय व्यक्तियों से जमीन ली थी. पुलिस ने पूरे मामले में स्थानीय व्यक्ति नीरज एवं बिहार के डुमरिया के रहने वाले संजय पासवान, गिरजा पासवान एवं हरिहरगंज के ढाकचा के रहने वाले शंभू राम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. पुलिस आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि बटाईदारी में पोस्ता की फसल लगाई गई थी, इस मामले में एफआईआर दर्ज की गयी है एवं आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# बिरनी , गायत्री परिवार ने बगोदर विधायक नागेंद्र महतो जी का किया भव्य स्वागत

लोकतंत्र की आवाज



**अनिल कुमार ( संवाददाता) प्रखंड– बिरनी, गिरिडीह।** आज बिरनी प्रखंड के एल डी +2 उच्च विद्यालय भलुआ में गायत्री परिवार बिरनी प्रखंड की ओर से आयोजित बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय नागेंद्र महतो का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की छात्र छात्राएं द्वारा मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया।

साथ ही स्कूल के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति कर अभिनंदन किया।साथ ही अभिनंदन समारोह के संचालनकर्ताओ देवघर जोन प्रभारी बुधन प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने अपना विचार व्यक्त कर बगोदर विधायक नागेंद्र महतो के जन संघर्षों की और झारखंड आंदोलन की लड़ाई में अहम योगदान एवं जनता की प्रति उनकी निष्ठा की सराहना किए।वहीं विधायक ने कहा कि मैं कई दशकों पहले गायत्री परिवार से जुड़े है। जिसके बाद से जीवन में भी काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने यह भी कहा कि, गायत्री परिवार का हमेशा से ही उनको पूर्ण सहयोग मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। बगोदर विधानसभा का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है।

मौके पर देवघर जोन प्रभारी बुधन प्रसाद वर्मा, भाजपा जिला मंत्री देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष टुपलाल वर्मा, मुखिया राज कुंवर नारायण सिंह, मुखिया केके वर्मा, मुखिया सत्येंद्र राउत, मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य नारायण पांडेय, रमाशंकर ठाकुर, पूर्व मुखिया प्रेमचंद कुशवाहा, राम कृष्ण वर्मा, मनोज चंद्रवंशी, अशोक वर्मा, प्रखंड उप जोन के प्रभारी, विशेश्वर साव, आशीष वर्मा, सुखदेव ठाकुर, बगोदर प्रभारी संजय चौरसिया, किशोरी शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

# भाकपा माले ने बगोदर में प्रतिवाद मार्च निकाल कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

लोकतंत्र की आवाज



**बगोदर।** राज्य सभा में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर को अपमानित करने के विरोध में 20 दिसंबर को भाकपा माले की ओर से सरिया रोड स्थित किसान भवन से प्रतिवाद मार्च निकाला गया जो समूचे बाजार तक गया और पुरानी जीटी रोड़ चौराहे पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया जहां गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका गया।प्रतिवाद मार्च में शामिल लोग ₹बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान , गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दो । गृह मंत्री अमित शाह माफी मांगों, जैसे नारे लगा रहे थे।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते भाकपा माले नेता संतोष कुमार रजक ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित साह के द्वारा अंबेडकर पर की गई टिप्पणी अपमानजनक और संघ – भाजपा की मनुवादी मानसिकता का प्रमाण है।अमित साह द्वारा बार–बार ऑबेडकर का नाम लेकर उपहास करना भाजपा और आरएसएस के अंबेडकर के प्रति विद्वेष को अभिव्यक्त करता है।हमलोग मांग करते है कि मोदी भाजपा सरकार देश से माफी मांगे और गृह मंत्री को बर्खास्त करे। अंबेडकर ने अपने विचारों और संविधान के जरिए समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और समानता के आदर्श वाले भारत की नींव रखी थी।इसलिए देश के करोड़ो दलितों–बंचितों के अंबेडकर आदर्श हैं।अमित शाह का बयान से दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, छात्र–नौजवानों की भावनाओ को ठेस पहुँचाने वाला है।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो, उप प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो, अनूप ठाकुर, मुखिया सरिता साव, महेंद्र रमन, खूबलाल भाई महतो, सत्येंद्र यादव, सुजीत शर्मा, पुरन कुमार महतो, मनोहर माली, भोला रविदास, लालमोहन महतो, राजेश कुमार मंडल, जय प्रकाश गुड्डू, अजय रविदास, पवन पासवान, राजकुमार दास, सुजीत कुमार, विवेक मंडल, राजू साव, बासुदेव महतो, सत्येंद्र यादव, कमलदेव सिंह, अनोज कुमार, हेमलाल महतो, राजकुमार मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कल्पतरुऔर सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों के दस्तावेज मिले



लोक तंत्र की आवाज
रत्ना
लखनऊ। ईडी ने कल्पतरु समूह और उनके सहयोगियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने आगरा मथुरा और नोएडा में 16 ठिकानों पर छापेमारी की और 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए। इन संपत्तियों में अधिकांश आगरा और मथुरा में खरीदी गई जमीनें हैं। जांच में पता चला है कि कल्पतरु समूह ने निवेशकों से एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। इनमें अधिक संपत्ति आगरा व मथुरा में खरीदी गई जमीनें हैं। ठगी की रकम का निवेश व्यवसायिक व कृषि भूमि में किया गया था। ईडी को इनके अलावा संपत्तियों के डिजिटल दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी छानबीन की जा रही है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, छापेमारी के दौरान कुल 1.02 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक 85 लाख रुपये आगरा के रियल एस्टेट कारोबार शिवम अग्रवाल के ठिकाने से मिले, जबकि प्रॉपर्टी डीलर हरेन्द्र तारकर व रामवीर तारकर के ठिकानों से लगभग 17 लाख रुपये मिले।

### बलियाः महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता के लिए चयन 21 दिसम्बर को

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी
बलिया। खेल निदेशालय उ0प्र0,लखनऊके तत्वावधान में यू0पी0 हैण्डबाल एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 दिसम्बर तक जिला खेल कार्यालय, बाराबंकी में किया जा रहा है। यह जानकारी क्रीड़ाधिकारी जवाहर लाल यादव ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आजमगढ़ मण्डल की टीम का जनपदीय चयन/ट्रायल्स दिनांक 21 दिसम्बर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स दिनांक 23 दिसम्बर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा।चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक सीनियर महिला हैण्डबाल वर्ग के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी दिनांक 26 से 29 दिसम्बर तक जिला खेल कार्यालय, बाराबंकी में आयोजित प्रदेश समन्वय स्तरीय सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

### सिरदला पुलिस ने बीएनएस के एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद
सिरदला। पुलिस ने क्षेत्र के कुशाहन पेट्रोल पंप के समीप से बीएनएस के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नवादा जिला रजौली थाना क्षेत्र के बौडी कला गांव निवासी राजू प्रसाद यादव के पुत्र 25 वर्षीय छोटू कुमार बताया गया है।जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 464/24 प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

# किसान नेता डल्लेवाल को अस्थायी अस्पताल में करें शिफ्ट , पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को किसान नेता डल्लेवाल को अस्थायी अस्पताल में भर्ती कराने का निर्देश दिया है। हालांकि किसान नेता लखविंदर औलख ने कहा कि जगजीत डल्लेवाल को अस्थायी अस्पताल में शिफ्ट नहीं करेंगे। कोई अगर जबरदस्ती ले जाने का प्रयास करेगा तो उसे हमारी लाश से होकर गुजरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कल जो सरकारी डॉक्टरों ने रिपोर्ट दी है वो पूरी तरह से गलत है। वहीं किसान नेता अभिमन्यु कुहाड़ ने कहा कि अगर सरकारी डाक्टर और अधिकारी ये कह रहे हैं कि डल्लेवाल की हालत ठीक है तो क्या वो गारंटी ले सकते हैं कि उनको कुछ नहीं होगा? किसी कीमत पर जगजीत डल्लेवाल स्टेज नहीं छोड़ेंगे वो कुर्बानी की राह पर आगे बढ़ चुके हैं। हम 24 घंटे डल्लेवाल की पहरेदारी कर रहे हैं डल्लेवाल भी यही चाहते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश :** दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर पर पास के अस्थायी अस्पताल में स्थानांतरित करने को कहा है। बता दें कि डल्लेवाल लंबे समय से धरना कर रहे हैं और जिस वजह से उनके स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश इसलिए दिया क्योंकि इससे डल्लेवाल के स्वास्थ्य की दिन–रात निगरानी की जा सके। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ ने पंजाब सरकार के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह को ये निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शन स्थल के पास मौजूद अस्थायी अस्पताल में ट्रांसफर करने के संबंध में एक हलफनामा देने को कहा है।

**डल्लेवाल के स्वास्थ्य की हो रही जांचः** सिंह ने पीठ को सूचित किया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल सहयोग कर रहे हैं और गुरुवार को उनकी ईसीजी एवं खून के नमूने की जांच समेत कई जांच की गईं। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल की स्वास्थ्य की स्थिति फिलहाल स्थिर है। पीठ ने गुरुवार को नागरिक अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला द्वारा चिकित्सा देखरेख में एक दशक से अधिक समय से जारी विरोध प्रदर्शन का उल्लेख किया और पंजाब सरकार से कहा कि वह डल्लेवाल को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए राजी करे। पीठ ने पंजाब सरकार की इस बात के लिए खिंचाई की थी कि उसने आमरण अनशन कर रहे डल्लेवाल की चिकत्सीय जांच नहीं कराई।

**आमरण अनशन पर बैठे डल्लेवालः** बता दें कि केंद्र पर फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ( गैर–राजनीतिक ) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे किसान सुरक्षा बलों द्वारा उनके दिल्ली कूच को रोके जाने के बाद 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू एवं खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करने की किसानों की घोषणा के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला–नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे।

### दिव्यांगों के लिए तिथिवार लगेगा शिविर

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी
बलिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने एवं बाधामुक्त वातावरण प्रदान किये जाने हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, (एलिम्को) कानपुर द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का चिन्हांकन एवं वितरण सम्मिलित विकासखण्डों पर 23 दिसम्बर से 02 जनवरी तक पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपकरण (कृत्रिम हाथ/पैर, कैलीपर, जूता आदि) प्रदान किये जाने हेतु निम्नानुसार तिथियों का निर्धारण किया गया है। ऐसे दिव्यांगजन जिनके हाथ/पैर कटे हुए हों या पैर टेढ़ा–मेढ़ा हो, उन्हें चलने में असुविधा हो रही हो, वे इस शिविर में नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपकरण प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते हैं। साथ ही विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित शिविर में पत्र दिव्यांगजनों को चिन्हांकन एवं वितरण का कार्य साथ–साथ किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों को अपना दिव्यागता प्रमाण पत्र, (यूडीआईडी) आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट आकार का नवीन फोटोग्राफ, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति (तहसीलदार, मा0 सांसद, मा0 विधायक, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत किया गया भी मान्य है) चिकित्सक द्वारा संस्तुति (उपकरण हेतु) साथ में लाना आवश्यक है। विकासखंड बैरिया, मुरली छपरा में 23 दिसंबर को, बांसडीह और रेवती में 24 दिसंबर को, मनियर और बेरूआरबारी में 26 दिसंबर को, पंदह और नवानगर में 27 दिसंबर को, बेलहरी और गड़वार में 28 दिसंबर को, सोहाव में 30 दिसंबर को, चिलकहर और रसड़ा में 31 दिसंबर को, नगरा और सीयर में 01 जनवरी को तथा हनुमानगंज और दुबहड में 02 जनवरी को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।

## प्रखंड पैक्स अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष बने तारकेश्वर सिंह



लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड पैक्स अध्यक्ष संघ का सर्वसम्मति से चुनाव गंगौली पैक्स अध्यक्ष ललन त्रिपाठी के आवास पर आयोजित किया गया। हालांकि प्रखंड के अधिकांश पैक्स अध्यक्षों ने इस चुनाव से दूरी रखी। वहीं चुनाव कर कवलपुरा पैक्स अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह को प्रखंड पैक्स संघ का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में सुरेंद्र सिंह, कुमार सौरभ, भरत प्रसाद, ललन त्रिपाठी, उपेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## राजस्थान के शंभूपुरा में गृहमंत्री के बयान के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

लोक तंत्र कीआवाज

**ओम जैन**
**शंभूपुरा (राजस्थान)।** बहुजन समाज पार्टी चित्तौड़गढ़ द्वारा गृह मंत्री के बयान के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।जिला प्रभारी बालू नायक मोखमपुरा ने बताया कि 18 दिसंबर को पार्लियामेंट में संविधान के 75 साल होने के अवसर पर सदन में संविधान पर जो चर्चा चल रही थी।

इस मौके पर देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर की गई टिप्पणी की बहुजन समाज पार्टी कडी निंदा करती है और यह मांग करती की अमित शाह को तुरंत अपने द्वारा की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उनके इन शब्दों से करोड़ों बाबा साहब के



अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंची, वरना यह साबित हो जाएगा कि भारतीय जनता पार्टी और भाजपा के नेताओं की मानसिकता व सोच पूरी तरह जातिवादी है और ना तो यह संविधान में विश्वास रखते हैं और ना ही दलित समाज के प्रति उनकी मानसिकता बदली है और भाजपा भी जिस तरह कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान किया उसी राह पर है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की बदौलत दलित मुस्लिम पिछड़ों का महिलाओं को सम्मान से जीने का हक और अधिकार मिला है किसी के हो ना हो बाबा साहब दलितों के भगवान है।

ज्ञापन में देने में प्रदेश सचिव राधेश्याम मेघवाल जिला प्रभारी बालू नायक मोखमपुरा अलाउद्दीन खा जिला अध्यक्ष अमीनुर पठान जिला सचिव गंगाराम मेघवाल उपाध्यक्ष रतन सालवी महासचिव युसूफ खान कोषाध्यक्ष कमल मीणा महिला विंग पूजा नायक मोखमपुरा प्यारी बाई पूरन मेघवाल राजू नायक कमलेश खटीक रफीक मोहम्मद मोहम्मद हुसैन बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी कारण कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राधेश्याम मेघवाल, जिला प्रभारी बालु नायक, अल्लाउद्दीन, जिलाध्यक्ष हमीनूरखां पठान, जिला सचिव गंगाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रतन सालवी, महासचिव युसुफ खान, कोषाध्यक्ष कमल मीणा, महिला विंग पूजा नायक, प्यारीबाई व बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण आदि मौजूद थे।

## पचास हजार के ईनामी अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** हत्या के मामले में फरार चल रहे पचास हजार के इनामी कुख्यात बदमाश को सिटी एसपी के विशेष टीम ने छत्तीसगढ़ से धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान कहलगांव थाना क्षेत्र के राजन महतो के पुत्र दशरथ महतो उर्फ दासु महतो उर्फ दशरथ बिंद के रूप में की गई है गिरफ्तार आरोपी पर चोरी अपहरण दंगा और मारपीट जैसे आधा दर्जन गंभीर मामला दर्ज है।

रऱढ आनंद कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर गिरफ्तारी की पुष्टि की पत्रकारों को संबोधित करते हुए रऱढ आनंद कुमार ने बताया कि भागलपुर पुलिस के टॉप 10 लिस्ट में शामिल मोस्ट वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में हत्या मामले में वांछित अपराधी दशरथ महतो की गिरफ्तारी के लिए सिटी एसपी डॉ के.रामदास के निगरानी में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर थाना क्षेत्र से दशरथ महतो को गिरफ्तार किया गया। हो कि दशरथ महतो भागलपुर पुलिस के टॉप 10 सूची में शामिल थे। इसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार भी इनाम घोषित किया गया था। एसपी ने बताया कि दशरथ महतो पर कहलगांव थाना में आधा दर्जन गंभीर मामला दर्ज है, जिसमें पड़ोसी का पीट–पीट कर हत्या भी शामिल है।

मालूम कि दशरथ महतो अपने दो भाई के साथ मिलकर पड़ोसी धर्मवीर महतो को गाली गलौज करते हुए मारपीट किया था जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हुए थे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक के मां यशोदा देवी के लिखित आवेदन पर कहलगांव थाना में मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद दशरथ मांझी अपना प्रदेश छोड़कर फरार हो गए। गिरफ्तारी के डर से छत्तीसगढ़ में मजदूरी कर भरण–पोषण करता था। दशरथ की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी है।

### चित्रकार मोहम्मद सुलेमान को मिला 10वीं अखिल भारतीय कला पुरस्कार

लोकतंत्र की आबाज
**दलसिंहसराय/समस्तीपुर।** 27आर्ट प्वाइंट जोधपुर राजस्थान में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ऑनलाइन कला प्रतियोगिता 2024 में इस वर्ष चित्रकला में 10वीं अखिल भारतीय कला पुरस्कार दिए जाने की घोषणा किया गया। इसकी जानकारी 27आर्ट प्वाइंट के निदेशक टिकाम खंडप्पा ने दिया। राष्ट्रीय ऑन लाइन कला प्रतियोगिता में स्थानीय भगवानपुर चकशेखू निवासी भारतीय समकालीन चित्रकार मोहम्मद को सुलेमान कला प्रतियोगिता में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार मोहम्मद सुलेमान के द्वारा सृजित कलाकृति सांड श्रृंखला से 18,मिश्रित ऑन कैनवास , 30× 42 के लिए दिया जाएगा। यह पुरस्कार दिए जाने से डॉ संजीव प्रकाश, पंकज कुमार, उमेश प्रकाश राम, वार्ड पार्षद इसरत जहां, बलराम पंडित, शगुफ्ता बानो, अमित पोद्दार, धर्मेंद्र साहू, जिगर कुमार, चंदन जायसवाल, मो अशरफ अली, अहमद हुसैन सहित अन्य ने हर्ष जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दिया।

## बेरूआरबारी के प्रावि सुखपुरा नंबर एक के सहायक शिक्षक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र बेरूआरबारी के प्रावि सुखपुरा नंबर एक पर कार्यरत सहायक अध्यापक सुरेंद्र सिंह के असमय निधन से मर्माहत शिक्षकों ने ब्लॉक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में उनके सरल स्वभाव और व्यक्तित्व को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि सुरेंद्र सिंह जी हमारे संघर्षों के साथ ही थे। वे हमेशा शिक्षक हित में सोचते थे। ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ब्लॉक को उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी।

मंत्री संजय दुबे ने कहा कि उनका सरल स्वभाव हम सभी को प्रभावित करता था। श्रद्धांजलि सभा को उमेश सिंह, विनय पांडे, व्यास जी यादव,



आनंद पांडे, उपेंद्र यादव, धनु यादव, मनीष सिंह, उर्मिला देवी, दीपक आदि ने संबोधित किया। स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की चार पुत्री है। उनके परिवार को ब्लॉक की परंपरा के अनुसार तात्कालिक सहायता हेतु एक लाख का सहयोग राशि दिया गया। यह राशि प्राथमिक शिक्षक संघ बेरुआरबारी द्वारा उनके घर जाकर उनकी पुत्री को दी गयी। श्रद्धांजलि सभा में अजय पांडे, संतोष गुप्ता, हरिवंश शुक्ला, सत्य कुमार सिंह, सत्य प्रकाश दुबे, अमित रंजन सिंह, संतोष चौबे, मुन्ना चौरसिया, प्रेमलता गुप्ता, सुमन सिंह, उर्मिला सिंह, अनु, रासबिहारी, शशि भूषण सिंह, आनंद पांडे, मनीष सिंह, प्रवीण सिंह, अविनाश सिंह, जमाल अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## रांची के डॉ. राजेश कुमार की कार हजारीबाग में दुर्घटनाग्रस्त, हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज




**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** रांची–पटना रोड में हजारीबाग स्थित सिंघानी ओवरब्रिज के पास दुर्घटना में रांची के डॉ. राजेश कुमार की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की है। वे धुर्वा के रहने वाले थे। 55 वर्षीय राजेश कुमार भोला प्रसाद के पुत्र थे।

मुफस्सिल पुलिस के अनुसार, डॉक्टर खुद कार ड्राइव कर रांची से पटना जा रहे थे। इसी बीच ओवरब्रिज के पास उनकी कार को एक वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि पुलिस को जैसे ही दुर्घटना की जानकारी मिली, मौके पर गश्ती दल को भेजा गया। गश्ती दल घायल डॉक्टर को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान डॉ. राजेश का निधन हो गया। शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के मॉर्चरी में रखा गया है। परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

## शंभूपुरा की रोड से सड़क गायब, रोज हो रही दुर्घटनाएं

लोक तंत्र की आवाज

**ओम जैन**
**राजस्थान।** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ जिले का व्यवसाहिक द्दष्टि से सबसे बड़ा क्षेत्र शंभूपुरा जिसे सीमेंट हब के नाम से जाना जाता है लेकिन यह जनप्रतिनिधियों ओर अधिकारियों की अनदेखी ओर उदासीनता के चलते अपनी दयनीय स्थिति पर आँसू बहा रहा है।

प्रदेश में डबल इंजन कि सरकार होने के बावजूद जिले में ऐसा लग रहा मानो प्रशासनिक व्यवस्था डगमगा रही है, अधिकारियो को फील्ड में जाना तो दूर जनता की समस्याए सामने आने के बाद भी उसके समाधान कि चिंता नही रहती, ओर जनप्रतिनिधि तो वैसे भी चुनाव के समय ही जनता कि सुध लेते

**प्रशासन के जिम्मेदार बने हैं लापरवाह**



बाकी तो उनको जनता की याद तक नही आती। शंभूपुरा के मुख्य सावा चोराये से पुलिस थाना तक के बीच रोड पर इतने बड़े बड़े खड्डे हो रहे कि वहाँ से दुपहिया वाहनों का तो जैसे गुजरना दुस्वार हो गया है वही इस रोड से सड़क तो मानो जैसे गायब ही हो गई, लम्बे समय से हो रहे खड्डों में आये दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे कई बार ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों ओर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन किसी के कानों जूं तक नही रेक रही।

**बाइक सवार हुआ चोटिल, बड़े हादसे का इंतजारः** गुरुवार को एक बाइक सवार यहाँ से गुजर रहा था जो खड्डों कि वजह से गिर गया और लहुलुहान हालात में ग्रामीणों ने चिकित्सालय पहुचाया, गनीमत रही कि उस समय कोई बड़ा वाहन नही आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था, बुधवार को भी एक दम्पत्ति यहाँ से गुजर रहे थे तो खड्डों में बाइक गिर गई और दोनों गंभीर घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुचाया। ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ ऐसा कोई दिन नही निकलता जब कोई दुर्घटना नही होती दर्जनों लोग यहाँ गिरकर चोटिल हो चुके है बावजूद इसके अभी तक विभाग या जनप्रतिनिधि ध्यान नही दे रहे है जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है, ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि 7 दिवस में रोड रिपेयरिंग कार्य शुरू नही किया गया तो रोड जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा जिसका जिम्मेदार प्रसासन होगा।

**स्वीकृति के बाद टेंडर भी हो गए जल्द काम शुरू होगा,:** पीडब्ल्यूडी विभाग के एईएन नवीन अग्रवाल ने कहा कि यह सड़क सेंसन हो गई है और हमने भी इसे टॉप प्रॉयटी पर ले रखा है, इसका टेंडर हो चुका है महीनेभर में इसका काम चालू हो जाएगा, फिलहाल ये खड्डे भरने का जो भी हो सकेगा अतिशीघ्र करने का प्रयास करेंगे।